आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, शामली, अमरोहा, मेरठ, लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 140 | हापुड़, शनिवार 07 दिसंबर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## संविधान की प्रति दिखाने वाले बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर मौन क्यों -योगी



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुये कहा कि संविधान की प्रति दिखा कर ढोंग करने वाले आज बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्ध और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रही जुल्म ज्यादती पर मौन साधे हुये हैं। विधानसभा मार्ग स्थित आंबेडकर महासभा परिसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को कट्टरपंथियों द्वारा मारा जा रहा है। उन्हें जलाया जा रहा है।उनकी संपत्तियों को लूटा जा रहा है। इतना ही नहीं माता और बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जब तक वहां जिन्ना का जिन्न रहेगा तब तक इस तरह की अराजकता होती रहेगी। वहां पर गरीबों और वंचितों का शोषण हो रहा है। यह पाप 1947 में देश के विभाजन के रूप में सभी के सामने आया था। उसी का बदसूरत स्वरूप बांग्लादेश के रूप में फिर हमारे सामने है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 1947 में पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की बड़ी तादाद में आबादी थी। बांग्लादेश में 1971 तक 22 प्रतिशत हिंदू रहते थे, आज वह घटकर छह से आठ फीसदी रह गये हैं। आज वहां जो कुछ भी हो रहा है, अगर इसी तरह नरसंहार चलता रहा तो यह संख्या बहुत सीमित रह जाएगी। इसको लेकर आवाज उठनी शुरू हो गयी है। यह आवाज वही उठा रहे हैं, जो दलितों के काम करना चाहते हैं। वहीं जो लोग हमेशा दलितों को अपना वोट बैंक बना करके उनका शोषण करते आए हैं, वह बांग्लादेश की घटना पर मौन हैं। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकल रहा है क्योंकि वह सच स्वीकार नहीं कर सकते हैं और सच बोल भी नहीं सकते हैं। उनमें बोलने का सामर्थ्य नहीं है इसलिए वह बांग्लादेश के दृश्य पर मौन हैं। उन्होंने कहा कि यह लोग सिर्फ संविधान की प्रति दिखाकर ढोंग कर रहे हैं। उन्हें बाबा साहब के मूल्यों से कोई लेना देना नहीं है। इससे पहले भी इन्होंने बाबा साहब के मूल संविधान पर कुठाराघात करके उसकी हत्या करने का प्रयास किया था। संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। कांग्रेस ने संविधान की प्रस्तावना से उसकी आत्मा हटाने का काम किया है। वर्ष 1975 में देश में इमरजेंसी लागू करके बाबा साहब का अपमान किया था। आज भी कांग्रेस यही कर रही है। इन्होंने मूल संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके वह शब्द डालने का काम किया था,

जो बाबा साहब ने मूल संविधान में डाले ही नहीं थे। ऐसे में जो यह ढोंग कर रहे हैं, उसका वास्तविक चेहरा जनता और देश के सामने लाने की आवश्यकता है। बाबा साहब हमेशा वंचित, पीड़ित और शोषित लोगों के लिए काम करते रहे। उन्होंने ही समाज को नई दिशा दिखाते हुए खुशहाल समाज की परिकल्पना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब ने 1946-47 में ही जनता को इसे लेकर आगाह कर दिया था। उन्होंने कहा था कि देश का बंटवारा मत होने दीजिए। अगर यह हो गया तो आर-पार की लड़ाई शुरू हो जाएगी, जो आज हमारे सामने है।

## राष्ट्रपति मुर्मू अपने जन्मस्थान पहुंचीं, ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया



रायरंगपुर । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को ओडिशा के मयूरभंज जिले में अपने जन्मस्थान उपरबेड़ा गांव की यात्रा करने के दौरान भावुक हो गईं और कहा कि उन्होंने गांव को हमेशा अपने परिवार की तरह माना है। मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को बामनघाटी अनुमंडल के उपरबेड़ा गांव में एक संथाली परिवार में हुआ था। वह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने के बाद पहली बार अपने गांव और पैतृक घर आईं। उन्होंने 25 जुलाई 2022 को भारत के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण किया था। गांव पहुंचते ही मुर्मू उपरबेड़ा सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने शुरुआती पढ़ाई की थी। उनके स्वागत के लिए स्कूल और पूरे गांव को सजाया गया था। शिक्षकों, छात्रों और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। छात्रों से बातचीत करते हुए मुर्मू ने कहा, ''मैं 66 साल की हूंऔर आज भी, मुझे अपने स्कूल और गांव में एक बच्चे की तरह महसूस हो रहा। मुझे याद है कि कैसे शिक्षक हमें मिट्टी की दीवारों वाली कक्षाओं में पढ़ाते थे।'' मुर्मू ने यह भी कहा कि शिक्षक और गांव के लोग उन्हें परिवार के सदस्य की तरह मानते हैं, किसी बाहरी व्यक्ति की तरह नहीं। उन्होंने कहा, ''मुझे अभी भी वे दिन याद हैं जब मैं कक्षा-7 की छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कर रही थी। हमारे शिक्षक मदन मोहन सर मुझे अपने परिवार के पास ले गए और मैं परीक्षा की तैयारी के दौरान उनके बच्चों के साथ रही। इस गांव और स्कूल से मुझे जो प्यार और स्नेह मिला है, वह अद्वितीय है।'' मुर्मू ने बसंत सर और बिश्वम्भर बाबू जैसे शिक्षकों और कुछ अन्य लोगों को भी याद किया। एक समारोह में राष्ट्रपति ने अपने शिक्षकों को सम्मानित किया जिनमें उनके स्कूल के प्रधानाध्यापक बिशेश्वर मोहंता, कक्षा प्रभारी बासुदेव बेहरे और कक्षा 4 और 5 के कक्षा प्रभारी रहे बसंत कुमार गिरि शामिल हैं। उन्होंने उपरबेड़ा उच्च प्राथमिक विद्यालय के लगभग 200 छात्रों को चॉकलेट और टिफिन बॉक्स से समेत स्कूल बैग उपहार में दिए। अपने संबोधन में, मुर्मू ने छात्रों से कहा कि वे ईमानदारी से पढ़ाई करें और शिक्षकों, माता-पिता और गांव के बुजुर्गों की सलाह मानें। मुर्मू के दौरे से पहले पूरे गांव को सजाया गया था। ओडिशा के वन और पर्यावरण मंत्री गणेश रामसिंह खूंटिया ने गांव में तैयारियों का निरीक्षण किया। खूंटिया ने कहा, ''राष्ट्रपति सर्वोच्च पद संभालने के बाद पहली बार अपने जन्मस्थान का दौरा कर रही हैं। पूरा इलाका उन्हें देखकर रोमांचित है और गौरवान्वित महसूस कर रहा है।'' गांव की साफ-सफाई और अपने घरों को सजाने के अलावा, ग्रामीणों ने मुर्मू के स्वागत में अपना पारंपरिक आदिवासी नृत्य भी किया। गांव की सड़कों को रंगोली से सजाया गया था। उनके रिश्तेदारों ने 'अरिसा' और 'मंडा पीठा' समेत विभिन्न प्रकार के केक तथा चावल और साग के व्यंजन बनाए हैं। राष्ट्रपति के उपरबेड़ा और रायरंगपुर क्षेत्र के दौरे के लिए पुलिस बल की कुल 40 पलटन तैनात की गई हैं। गांव में अपने कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति का रायरंगपुर के महिला महाविद्यालय की छात्राओं और शिक्षकों से संवाद करने का कार्यक्रम है।

## वायनाड के लोगों को बहाने नहीं, मदद चाहिए- प्रियंका

नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को कहा कि आपदाओं पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और भूस्खलन प्रभावित वायनाड के लोग राज्य और केंद्र सरकारों की ओर उम्मीद के साथ देख रहे हैं तथा उन्हें अब बहाने नहीं चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि वायनाड के लोगों को सम्मान के साथ अपने जीवन को पटरी पर लाने में सक्षम होने के लिए तत्काल मदद की आवश्यकता है। इससे एक दिन पहले ही प्रियंका गांधी ने इस मुद्दे पर केरल के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। वायनाड की सांसद ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आपदाएं राजनीति का विषय नहीं होनी चाहिए। ऐसी आपदाओं के पीड़ितों के सहयोग के प्रयासों में मानवता और करुणा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।'' कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''वायनाड के लोग राज्य और केंद्र सरकारों की ओर आशा से देख रहे हैं, उन्हें बहाने नहीं चाहिए, उन्हें गरिमा के साथ अपने जीवन पटरी पर लाने में सक्षम होने के लिए तत्काल मदद की जरूरत है।'' उनका कहना था कि जब सरकार में हर स्तर पर घावों को भरने और जीवन के पुनर्निर्माण के लिए मिलकर काम किया जाता है तो भारत मजबूत होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र और राज्य सरकार को आगे बढ़कर वायनाड के लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। प्रियंका गांधी ने अपने पोस्ट में ''वायनाड में भूस्खलन और बाढ़ के लिए सहायता पर नोट'' के स्क्रीनशॉट साझा किए। इस नोट में लिखा है, ''केंद्र सरकार वायनाड के प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशील है और राज्य सरकार को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए सक्रिय रूप से आगे बढ़ी है।'' इसमें कहा गया है कि वायनाड में भूस्खलन आपदा के बाद प्रभावित लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए केंद्र के सहयोग की पहली किस्त 145.60 करोड़ रुपये 31 जुलाई, 2024 को और 145.60 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त एक अक्टूबर, 2024 को जारी की गई।



## बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए- केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शाहदरा, जनकपुरी, लक्ष्मी नगर और अन्य सीट पर हजारों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग में आवेदन दाखिल किए हैं। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने शाहदरा क्षेत्र में 11,018 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन किया है। जब हमने 500 नामों संबंधी आवेदन की समीक्षा की तो पता चला कि 75 प्रतिशत लोग अब भी वहां रह रहे हैं लेकिन उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में शाहदरा विधानसभा सीट पर 'आप' ने करीब 5,000 मतों से जीत हासिल की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अब उस निर्वाचन क्षेत्र में करीब 11,000 मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मतदाता 'आप' समर्थक हैं। केजरीवाल ने निर्वाचन आयोग से शाम तक सभी आवेदनों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह किया ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## सनातन धर्म की रक्षा के लिये सदैव आगे रहे सिख पंथ के अनुयायी- योगी



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख पंथ के अनुयायियों ने अपनी साधना और सामर्थ्य से अपने कौम के साथ-साथ पूरे देश को और पूरे सनातन धर्म को न केवल सुरक्षा प्रदान की बल्कि एक लंबे समय के लिए उन्हें अभय भी प्रदान किया। यहियागंज गुरुद्वारा में गुरु परंपरा के नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के बलिदान दिवस पर सीएम योगी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम योगी ने उनके बलिदान और स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने उस समय कश्मीर को बचाया था जब वहां के सनातन धर्मावलंबियों को विदेशी आक्रांताओं द्वारा धर्म परिवर्तन करने का आदेश मिला था। गुरु जी ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था। धर्म परिवर्तन के आदेश के बाद सुरक्षा के लिए भटक रहे कश्मीरी पंडितों को न सिर्फ नया जीवन दिया था, बल्कि उनसे कहा था कि अत्याचारियों से कह दो कि पहले हमारे गुरु को इस्लाम स्वीकार कराओ। गुरु तेग बहादुर ने हमेशा देश और धर्म को प्राथमिकता दी और किसी विदेशी आक्रांता के सामने सिर नहीं झुकाया। श्री योगी ने कहा कि वह कैसा कालखंड रहा होगा जब एक विदेशी आक्रांता बाबर देश के अंदर अत्याचार कर रहा था, उसके खिलाफ गुरु नानक देव जी ने आवाज उठाई थी। सीएम ने कहा कि इतिहास के उन पन्नों को कौन नहीं जानता है जब भक्ति की इस परंपरा से ऊपर उठकर उन्होंने समय के साथ तात्कालिक समाज को एक नई दिशा देने का काम किया था। वहां से चलकर हम शहादत और बलिदान की एक सुदृढ़ नियम को आगे बढ़ाते हुए गुरु गोविंद सिंह महाराज तक पहुंचे। वह भारत की रक्षा के लिए अपने आपको बलिदान करने से पीछे नहीं हटे सीएम योगी ने कहा वह शक्ति का एक दिव्य पुंज बन करके न केवल सनातन धर्म की रक्षा के लिए बल्कि भारत की रक्षा के लिए अपने आपको बलिदान करने से पीछे नहीं हटे। योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर अपनी शहादत के पहले सनातन धर्म की रक्षा के लिए, देश और धर्म की रक्षा करने के लिए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जैसा सशक्त शक्तिपुंज भी देश को दिया। उनके चार-चार साहिबजादे बलिदान हो गए। उन्होंने कहा ''हम प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में आयोजित करने की घोषणा की। यह मेरा सौभाग्य है कि वीर बाल दिवस सन् 2020 से लगातार मुख्यमंत्री आवास में पूरी भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। पूरा संत समाज इसमें शामिल होता है। हम गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार-चार साहिबजादे और माता गुजरी को नमन करते हुए आज के युवा पीढ़ी के लिए और आज के बच्चों के सामने एक नया आदर्श शहादत के रूप में सामने रखते हैं जो आज के लिए देश और धर्म के लिए आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## पीलीभीत सड़क हादसे में छह की मौत, मुख्यमंत्री योगी ने दुख जताया

पीलीभीत । उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत-टनकपुर हाई-वे पर गुरुवार देररात एक अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा कर खाई में गिर गई। दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। पुलिस सभी की पहचान का प्रयास कर रही है।पुलिस के मुताबिक, उत्तराखंड के खटीमा में रहने वाले लोग बारात में शामिल होने के लिए पीलीभीत आए थे। देररात एर्टिगा कार से वापस जा रहे थे। कार में 11 लोग सवार थे। देररात लगभग 12 बजे न्यूरिया थाने के पास कार पहुंची थी, तभी चालक तेज रफ्तार कार से अपना नियंत्रण खो बैठा। कार अनियंत्रित होकर पहले पेड़ से टकराई, फिर सड़क से खाई में पलट गई। हादसे में छह लोगों मौत और चार लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## अंतरराष्ट्रीय साजिश रोकने में असमर्थ अमित शाह को बाहर करें मोदी- कांग्रेस



नई दिल्ली । कांग्रेस ने कहा है कि सरकार कहती है कि देश के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय साजिश हो रही है तो यह अत्यंत गंभीर मुद्दा है और ऐसी साजिश करने वालों का पर्दाफाश करने में असमर्थ रहे देश के गृहमंत्री अमित शाह को पद से हटा देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश में साम्प्रदायिकता, हिंसा और नफरत का जहर घोला जा रहा है- बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे दिए जा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक और मणिपुर से महाराष्ट्र तक यात्राएं निकाली, जिसका उद्देश्य मोहब्बत से भारत को जोड़ना था। उन्होंने कहा, एक व्यक्ति जो मजदूर, किसान, मोची, बढ़ई, ड्राइवर जैसे तमाम वर्गों के जीवन से जुड़े संघर्षों को समझकर उसका समाधान ढूंढता है, एक व्यक्ति जो दलितों, पिछड़ों, महिलाओं की आवाज उठाता है, उनके हक की लड़ाई लड़ता है, उस व्यक्ति को ये लोग देशद्रोही कहते हैं। लेकिन सच्चाई ये है कि भाजपा-आरएसएस देश का सबसे बड़ा टुकड़े-टुकड़े गैंग है। राहुल जी हमेशा जनता के मुद्दों को उठाते रहे हैं और आगे भी उठाएंगे। वे आपकी धमकियों और आरोपों से डरने वाले नहीं हैं। प्रवक्ता ने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईएसआई को रेड कार्पेट बिछाकर देश में बुलाते हैं, और वही आईएसआई पुलवामा का सारा ठीकरा हमारे देश पर फोड़ देता है, तब आपने उन्हें देशद्रोही नहीं कहा। जब मोदी विदेश जाकर कहते हैं कि पिछले जन्म में कोई पाप किए होंगे, तभी भारत में पैदा हुए हैं, तब उन्हें देशद्रोही नहीं कहा जाता। जब श्री मोदी बिन बुलाए बिरयानी खाने पाकिस्तान चले जाते हैं, तब उन्हें देशद्रोही नहीं कहा जाता। जब श्री मोदी चीन को क्लीन चिट दे देते हैं, तब ये देशद्रोह की कैटेगरी में नहीं आता। आज देश की जनता ऐसा दोहरा चरित्र रखने वाले भाजपा के लोगों पर हंस रही है। उन्होंने कहा, जब देश का अन्नदाता कहता है- हम काले कानून बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम आंदोलन करेंगे तो भाजपा के लिए ये अंतरराष्ट्रीय साजिश और फंडिंग का हिस्सा हो जाता है। जब सोनम वांगचुक अपने साथियों के साथ लद्दाख से आते हैं, अपनी मांग रखते हैं, तो वह अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो जाते हैं। मणिपुर डेढ़ साल से जल रहा है, लेकिन नरेंद्र मोदी वहां नहीं जाते क्योंकि वो भी अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा है। अगर श्री मोदी से महंगाई, बेरोजगारी पर सवाल पूछ लिया जाए तो आप देशद्रोही हैं। युवा रोजगार मांग लें तो उनको लाठी मारी जाएगी, क्योंकि वो भी साजिश का हिस्सा हैं। अगर देश में इतनी अंतरराष्ट्रीय साजिश हो रही है तो आप गृहमंत्री अमित शाह की छुट्टी क्यों नहीं करते हैं। क्या नरेंद्र मोदी सरकार इतनी कमजोर है, जिसके खिलाफ कोई भी अंतरराष्ट्रीय साजिश होती रहती है। इस देश में किसी ने अंतरराष्ट्रीय साजिश रची है तो वो गौतम अडानी है, जिस पर रिश्वतखोरी, हेरा-फेरी का आरोप लगा है और जिसने भारत की छवि को धूमिल करने का काम किया है। प्रवक्ता ने कहा, भाजपा वाले कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी देश की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का काम कर रही है।लेकिन सच्चाई यह है कि अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का काम भाजपा के लोग करते हैं। देश में जब नोटबंदी, गलत जीएसटी लागू की गई तो पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी ने नरेंद्र मोदी को आगाह किया था। उन्होंने कहा था कि अगर आप नोटबंदी के साथ आगे बढ़ेंगे तो जीडीपी गिरेगी, तब श्री मोदी ने उनका मजाक उड़ाया था, लेकिन आज देश के सामने पूरी सच्चाई है।

## भाजपा वाले कुछ भी कहें, राहुल गांधी के लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं- प्रियंका गांधी



नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को ''देशद्रोही'' कहे जाने पर शुक्रवार को कहा कि सत्तारूढ़ दल के लोग कुछ भी कहें, उन्हें फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उनके भाई के लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग देश की आजादी के लिए 13 साल जेल में काटने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली इंदिरा गांधी को 'देशद्रोही' कह सकते हैं, उनके लिए राहुल गांधी के लिए इस शब्द का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''जो लोग आजादी की लड़ाई में 13 साल जेल में रहने वाले जवाहरलाल नेहरू जी को देशद्रोही कह सकते हैं, जो पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली और शहीद हुई इंदिरा जी को देशद्रोही कह सकते हैं, जो राजीव गांधी जी को देशद्रोही कह सकते हैं, वो अगर राहुल जी के लिए ऐसा कह रहे हैं, तो कोई नई बात नहीं है।''उन्होंने कहा, ''मुझे मेरे भाई पर बहुत गर्व है, उनके लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने देश की एकता के लिए आठ हजार किलोमीटर की यात्रा की जिसमें से चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा थी।''प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ''ये लोग कुछ भी कहते रहें, फर्क नहीं पड़ता।''भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रही खोजी मीडिया समेत अंतरराष्ट्रीय ताकतों के साथ संबंध रखते हैं और वह देशद्रोही हैं।

# संपादकीय

## लम्बा जीना है तो पैदल चलो



जो लोग शरीर के कहे अनुसार चलते हैं वे जल्दी ही थक जाया करते हैं। इसके विपरीत जो लोग शरीर को अपने अनुसार चलाते हैं उनका शरीर लम्बे समय तक चलता है और स्वस्थ भी रहता है। अपना शरीर घोड़े की तरह है जिसे मन के संकल्पों की सुदृढ़ लगाम से संचालित किए जाने पर वह लम्बे समय तक काम करने लायक रहता है। और ऐसा नहीं करने पर वह हमें भार स्वरूप और बोझ मानकर हमारा साथ छोड़ देता है। श्वास-प्रश्वास से लेकर पिण्ड और ब्रह्माण्ड तक में जो जो परिवर्तन होते हैं उनका निरन्तर परिमार्जन और शुद्धिकरण रोजाना जरूरी होता है। यह मार्जन-परिमार्जन यानि की साफ-सफाई का काम पंच तत्व करते हैं। जिन पंचतत्वों से शरीर का निर्माण होता है उनकी मिश्रित क्रियाओं, चयापचय, तत्वों का संयोग-वियोग और शरीर के चक्रों से लेकर अंग-उपांगों तक में परिभ्रमण का दौर हर क्षण बना रहता है। इन क्रियाओं के फलस्वरूप शरीर में विजातीय द्रव्यों और दूषित गैसों का प्रभाव रोजाना पैदा होता है जो ज्यादा दिन तक संचित हो जाने पर पूरे शरीर के किसी भी सूक्ष्म और स्थूल अंग तक में समस्या पैदा कर उस अंग या उपांग की गति को अप्रत्याशित रूप से धीमी या तेज कर देता है । इस अवस्था में हमें आरंभिक तौर पर कुछ पता नहीं चलता है लेकिन धीरे-धीरे शरीर के अवयवों की कार्यक्षमता थमने लगती है और इसके कारण से हमारा पूरा शरीर विजातीय पदार्थों व जहरीली एवं आत्मघाती गैसों का घर होकर रह जाता है। इस वजह से शरीर में रक्त से लेकर वायु तक का परिभ्रमण बाधित हो जाता है और विभिन्न अंग-उपांगों में ऐसे स्थल या गुहाएं अपने आप निर्मित होने लगती हैं जो शरीर के लिए घातक हो जाती हैं। इसीलिए शरीर के प्रत्येक अंग-उपांग के संचालन की प्रक्रिया रोजाना करने का विधान रहा है ताकि विजातीय द्रव्य, प्रदूषित वायु आदि हरकत में आकर शरीर से बाहर निकल जाएं। इनका भी उत्सर्जन रोजाना, निरन्तर और नियमित रूप से होना जरूरी है। जो लोग रोजाना योगाभ्यास करते हैं, नियमित भ्रमण करते हैं उनके शरीर का संचालन तेज-तेज होने की वजह से शरीरस्थ घर्षण के माध्यम से सारी गैसें और शरीर के हानिकारक पदार्थ पसीने के माध्यम से बाहर निकल जाते हैं। इससे शरीर में स्फूर्ति का संचार हो जाता है और अनावश्यक तत्वों का उत्सर्जन नियमित रूप से होता रहता है। पर अधिकांश लोग अपनी कमाई और धंधों में व्यस्त हैं अथवा जवानी के जोश में होते हैं। इस कारण शरीर पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते हैं। हमारे जीवन की सभी प्रकार की मानसिक और शारीरिक बीमारियों का मूल कारण यही है। ये हानिकारक तत्व ही शरीर के अंग-उपांगों को बिगाड़ डालते हैं और एक समय बाद नाकारा करने लगते हैं। यह अवस्था हमारे लिए गंभीर बीमारी की होती है जिसमें सिवाय दवाओं और निरन्तर जांचों के सिवा कोई और काम नहीं आता। आजकल सब जब यही हो रहा है। और कुछ न कर सकें तो रोजाना पैदल चलें ।

जितनी रोटियां खाएं, कम से कम उतने या दुगूने किलोमीटर पैदल चलने का अभ्यास बनाएं तभी हमारा जीवन सुखद और स्वस्थ रह पाएगा। जो लोग किसी न किसी प्रकार के बाड़ों में बंद रहते हैं उन लोगों के लिए यह बीमारियां ज्यादा प्रभावी होती हैं। लेकिन जो लोग पैदल चलने के अभ्यासी हैं उन लोगों के जीवन में बीमारियां कम ही होती हैं। हमारे आस-पास देख लें या दूसरे लोगों को, जो लोग हमेशा पैदल चलते हैं वे आलस्य से मुक्त रहते हैं, हमेशा मस्ती में दिखते हैं और लम्बे जीते हैं। पैदल चलने वाला हमेशा दीर्घायु होता है। ऐसे बहुत से लोग हमारे आस-पास हैं जो पैदल चलते हैं और जिन्दगी का भरपूर आनंद पाते हैं। कई लोग प्रातःकालीन और सायंकालीन भ्रमण के नाम पर अभिजात्य होने का दंभ भरते हुए वॉकिंग करते हैं। लेकिन ये लोग ऐसे चलते हैं जैसे कि शादी के प्रोसेशन में चल रहे हों। धीरे-धीरे चलने, बातें करते हुए चलने वालों का भ्रमण नाकारा ही हैं। इन लोगों का भ्रमण केवल दिखावा ही होता है। यों भी आजकल वॉकिंग की फैशन भी चल पड़ी है जहां अपने आपको बड़े और महान कहने वाले लोग हर जगह मिल जाएंगे। बहुत सारे लोग उन रास्तों पर प्रातः या सायंकालीन भ्रमण करते हैं जहां मुख्य मार्गों पर वाहनों का निरन्तर आवागमन लगा रहता है। ऐसे लोग वॉकिंग के नाम पर अपनी मौत को ही जल्दी बुला रहे होते हैं क्योंकि जितना वॉकिंग ये करते हैं उतनी धूल और धूंए के गुबार अधिक तेजी से इनके फेफड़ों में जाते हैं। लेकिन वॉकिंग के नाम पर शौक पूरा करने वाले लोगों के लिए इसका कोई मतलब नहीं है। ये लोग वॉकिंग के नाम पर लोक दिखाऊ कुछ भी कर सकते हैं। वाहनों का मोह त्यागें, साईकिल का सहारा लें और जितना अधिक हो सके, पैदल चलने का अभ्यास डालें। यही सेहत का महा राज है।

## 07 दिसंबर 2024 का पंचांग

सूर्योदय- 06.59 प्रात-
सूर्यास्त- 05.37 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 11.52 प्रात-
चंद्र अस्त- 11.27 सायंकाल
चंद्रमा- कुम्भ राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-06 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-22 पक्ष- शुक्ल पक्ष-06 तिथि-षष्ठी प्रात- 11.06 तक बाद में सप्तमी,नक्षत्र-धनिष्ठा दोपहर- 04.50 तक बात में धनिष्ठा, योग-व्याघात प्रात- 08.42 बाद में हर्षण,करण- तैतिल प्रात- 11.06 तक बाद में ग़र रात्रि- 10.28 तक बाद में वणिज,

राहु काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक यमगंड दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त-प्रात- 11.57 से 12.39 तक दुमुहूर्त प्रात- 08.24 से 09.07 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.23 से 06.11 तक।

## आज 07 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष-किसी से कोई रंजिश है तो जान का खतरा है सम्भलकर रहे, शरीर में अंदरुनी रोग है तो लापरवाही नहीं करनी है, शिवभक्ति में मन लगाए।
भाग्य प्रतिशत-48

वृषभ- मन से अशुद्ध विचारो को हटाना होगा,ये गलत चीजों का सेवन शुरू करवा सकते है,सम्पति बचने का सौदा लटक सकता है।
भाग्य प्रतिशत-47

मिथुन-ऑफिस की जिम्मेदारी ठीक से सम्भाले निकाले जा सकते है, घर वालो पर नाराजगी सम्भव है, नया सीखने की दिलचस्पी कम हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-44

कर्क- ठीक से नींद पूरी करें,स्नायुतंत्र में परेशानी सम्भव है, करना कुछ और था कर कुछ और रहे है,थोड़े नाखुश रह सकते है।
भाग्य प्रतिशत-49

सिंह-चलते चलाते कार्य में मंदी आ सकती है, बटवारा होना है तो परिवार देने में आनाकानी कर सकता है, उपरी आमदनी मुश्किल दे सकती है।
भाग्य प्रतिशत-50

कन्या-कार्य को रुचि लेकर नहीं कर पा रहे है,असमंजस में रह सकते है नौकरी,व्यवसाय करू,व्यवसाय दूसरा करूँ सलाह लेना बेहतर रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-49

तुला- प्रयासों में बाधा आएगी, विवाह हुआ है तो जीवनसाथी की कुछ गलत कमियां पता चल सकती है, फ्रस्ट्रेशन बहुत होगी।
भाग्य प्रतिशत-47

वृश्चिक- परिवार का बोझ उठाते हुए थक सकते है, खुद की इच्छाएं मृत जैसी लगेगी, फिर भी आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे, मन ही मन चिंतन करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-50

धनु- संतान रोगी हो सकती है, स्वयं को भी स्वास्थ्य विकार सम्भव है, व्यवसाय में कोई ऑर्डर मिलने में परेशानी होगी।
भाग्य प्रतिशत-47

मकर- बहुत हाथ पैर मरेंगे काम आसानी से नहीं होंगे, किसी कार्य को करते समय नकारात्मकता को हावी कर लेंगे,जरूरत के लिए पैसा कम पड़ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-46

कुम्भ- कुछ भी आसानी से समझ नहीं आयेगा, निर्णय बार बार बदलेगे, ऑफिस में कुछ बुराईया बढ़ सकती है,अति चालाक महिलाओं से सावधान रहे।
भाग्य प्रतिशत-45

मीन-शादी का रिश्ता असफल हो सकता है,अच्छे लोगों को स्वयं से दूर कर देंगे गलत की सलाह लें सकते है, अकाउंट कार्य अच्छे से करें।
भाग्य प्रतिशत-47

## देवा' की रिलीज से पहले रोशन एंड्रूज़ को अमिताभ बच्चन से मिला आशीर्वाद



मुंबई । मलयालम सिनेमा के मशहूर निर्देशक रोशन एंड्रूज़, ने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन से मुलाकात की जो उनके लिए बेहद खास और इमोशन से भरी थी। रोशन, जो हमेशा से अमिताभ बच्चन के काम के प्रशंसक रहे हैं। उन्होंने अमिताभ से मुलाकत के बाद अपनी खुशी जाहिर की है। रोशन एंड्रूज़ ने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर करते हुए इस मुलाकात के बारे में बताया है। उन्होंने लिखा है, मैंने बचपन से इस इंसान को स्क्रीन पर देखा है... मेरे लिए ये इंसान ही भारतीय सिनेमा था... कई बार उनसे मिलने के करीब पहुंचा, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई... और मैंने उस सबसे बड़े स्टार से हाथ मिलाया, जिसे ये देश जानता है। मैंने उन्हें बताया कि मेरी पहली हिंदी फिल्म %देवा% 31 जनवरी को रिलीज हो रही है। उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया। चार दिसंबर मेरे लिए जिंदगी के सबसे खास दिनों में से एक रहेगा... जिस दिन मैंने अमिताभ बच्चन से मुलाकात की! रोशन एंड्रूज़ के निर्देशन में बनी फिल्म देवा को ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म से शाहिद कपूर लगभग एक साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं। उनके साथ फिल्म में पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी भी अहम रोल में नजर आएंगे।फिल्म देवा 31 जनवरी 2025 को रिलीज होगी।

## अबू धाबी में पति संग छुट्टियां मना रहीं दिव्यांका, रहमान के कॉन्सर्ट में हुईं शामिल



मुंबई । टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी दहिया अपने पति विवेक दहिया के साथ अबू धाबी में छुट्टियां मना रहीं। अभिनेत्री, एआर रहमान के म्यूजिक कॉन्सर्ट में भी शामिल हुईं। दिव्यंका ने सोशल मीडिया पर छुट्टियों की तस्वीरें शेयर कीं। ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर छुट्टियों की तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, अबू धाबी में हमें बहुत कुछ मिला, यहां पर हमें आनंद के साथ रोमांच और सहजता सब कुछ मिला। हम जल्द ही और भी बहुत सी चीजों के साथ वापस आएंगे। शेयर की गई तस्वीरों में प्रियंका और विवेक एक-दूजे के साथ समंदर किनारे खड़े होकर पोज देते नजर आए। एक वीडियो में दिव्यांका और विवेक बोट राइड करते नजर आए।'ये है मोहब्बतें' अभिनेत्री दिव्यंका त्रिपाठी ने एक तस्वीर में अबू धाबी टीम की ओर से लिखा गया वेलकम नोट भी शेयर किया, इसमें लिखा है, दिव्यंका और विवेक आपका अबू धाबी में स्वागत है। हम आपके यहां आने से बहुत उत्साहित और खुश हैं। हमें उम्मीद है कि आपको यहां पर पसंद आया होगा और आपको यहां कि सुविधाएं पसंद आई होंगी। फिर से स्वागत है। पर्सनल लाइफ इवेंट हो या शूटिंग सेट से जुड़े अपडेट, अभिनेत्री किसी भी मामले में पीछे नहीं रहती हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट प्रशंसकों के साथ शेयर करती रहती हैं। अबू धाबी से पहले जोड़ा यूरोप में छुट्टियां मनाने गया था। उन्होंने अपनी छुट्टियों के दौरान स्विट्जरलैंड के इंटरलेकन में पैराग्लाइडिंग और मिलानो के स्थानीय व्यंजनों का आनंद लेते हुए कई पोस्ट शेयर किए थे। टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री दिव्यांका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने शुरुआत रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज' में भाग लेने के साथ किया था। इसके बाद दिव्यांका 'बनूं मैं तेरी दुल्हन' में काम की थीं। अभिनेत्री 'खाना खजाना', 'नचले वे विद सरोज खान', 'जोर का झटका- टोटल वाइपआउट', 'कॉमेडी सर्कस', 'नच बलिए 8' और 'फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी' जैसे शो में भी भाग ले चुकी हैं। अभिनेत्री सोनी लिव पर स्ट्रीम 'अदृश्यम' में इंस्पेक्टर पार्वती सहगल की भूमिका में नजर आई थीं।

## मेरे लिए एक्टिंग ही सब कुछ-विक्रांत मैसी



मुंबई । फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' फेम अभिनेता विक्रांत मैसी ने स्पष्ट किया है कि वह रिटायरमेंट नहीं, बल्कि कुछ दिनों के लिए ब्रेक लेने जा रहे हैं। विक्रांत मैसी का लेटेस्ट बयान सामने आया है। नए बयान में मैसी ने कहा, मेरे लिए एक्टिंग ही सब कुछ है। आज मेरे पास जो कुछ भी है, वह मुझे एक्टिंग ने ही दिया है।

मेरे मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर इसका बहुत असर पड़ रहा है। ऐसे में मैं बस कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं, मैं अपने स्किल को और बेहतर बनाना चाहता हूं। थोड़ा ब्रेक चाहता हूं।अभिनेता ने कहा, मेरे पोस्ट का गलत अर्थ निकाला गया है कि मैं एक्टिंग की दुनिया छोड़ रहा हूं या इससे रिटायरमेंट ले रहा हूं। मैं अपने परिवार और स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं, जब सही समय लगेगा तो मैं वापस आ जाऊंगा। '12वीं फेल' अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए 'ब्रेक' अनाउंस की थी। उन्होंने लिखा, हैलो, पिछले कुछ साल और उससे आगे का समय मेरे लिए काफी शानदार रहा है। मैं आप सभी को समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। लेकिन, जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ रहा हूं, मुझे एहसास हो रहा है कि यह समय फिर से संभलने और एक पति, पिता, बेटे और अभिनेता के रूप में घर वापस जाने का है। इसलिए, साल 2025 में हम एक-दूसरे से आखिरी बार मिलेंगे। जब तक समय सही न लगे। एक बार फिर से धन्यवाद, हर चीज के लिए आप सभी का हमेशा आभारी रहूंगा।

## आयरलैंड की महिला टीम ने बांग्लादेश को 12 रन से हराया

सिलहट । कप्तान गैबी लुईस (60), ली पॉल (नाबाद 79) की शानदार पारियों के बाद ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और आर्लीन केली (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से आयरलैंड की महिला टीम ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को 12 रनों से हरा दिया। शतकीय साझेदारी - आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में पांच विकेट पर 169 रन बनाए। पर उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में जहांआरा आलम ने एमी हंटर (10) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान गैबी लुईस और ली पॉल के बीच तीसरे विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। फरीह तृस्ना ने गैबी लुईस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गैबी लुईस ने 42 गेंदों में 60 रन बनाए। ली पॉल ने 42 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 79) रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से जहांआरा आलम, फरीह तृस्ना, जन्नतउल फरदूस और नाहिदा अख्तर ने एक-एक विकेट लिया। शानदार शुरुआत-बांग्लादेश के लिए दिलारा अख्तर और शोभना मोस्तारी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 103 रन जोड़े। 12वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने शोभना मोस्तारी (46) को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। 14वें ओवर मे आर्लीन केली ने कप्तान निगार सुल्ताना (चार) को शिकार बनाया। इसी ओवर में केली ने दिलारा अख्तर (49) को भी आउट कर दिया। एमी मग्वायर की गेंद पर एमी हंटर ने ताज नेहर (19) को स्टंप कर पवेलियन भेज दिया। 17 ओवर में बांग्लादेश के पांच विकेट पर 152 रन थे, लेकिन आयरलैंड के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को नर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 157 के स्कोर पर रोक कर मुकाबला 12 रनों से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और आर्लीन केली ने तीन-तीन विकेट लिए। एमी मग्वायर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## मारूति की कारें जनवरी में हो जायेंगी चार प्रतिशत तक महंगी



नई दिल्ली । यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी कारों की कीमतों में जनवरी में चार प्रतिशत की बढोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि बढ़ती इनपुट लागत और परिचालन खर्चों के कारण यह बढोतरी करनी पड़ रही है।

उसने कहा कि यह वृद्धि चार प्रतिशत तक हो सकती है। हालांकि कंपनी लगातार लागत को अनुकूलित करने और प्रभाव को कम करने का प्रयास करती है लेकिन बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा ग्राहकों पर डालने की आवश्यकता महसूस हो रही है। उल्लेखनीय है कि अधिकांश यात्री वाहन कंपनियों ने जनवरी से कीमतें बढ़ाने जा रही है।

## फिल्म फतेह का टीज़र पुष्पा 2-द रूल के साथ सिनेमाघरों में रिलीज




मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की पहली निर्देशित फिल्म फतेह के टीज़र ने पुष्पा 2-द रूल के साथ सिनेमाघरों में धूम मचा दी है। ज़ी स्टूडियोज़ और शक्ति सागर प्रोडक्शंस की बहुप्रतीक्षित फिल्म फतेह का टीज़र आज पुष्पा 2- द रूल के साथ सिनेमाघरों में आ गया है। साइबरस्पेस में सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस मनोरंजक एक्शन गाथा में डिजिटल दुनिया की अंधेरी गलियों का मुक़ाबला होने वाला है। सोनू सूद के निर्देशन में बनी यह पहली फिल्म है, जिसमें उनके साथ जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी हैं। आज फिल्म देखने वालों को बड़े पर्दे पर इस फिल्म की झलक देखने को मिलेगी, लेकिन टीजर का डिजिटल अनावरण 09 दिसंबर को होगा। सोनू सूद ने कहा, फतेह के साथ पहली बार निर्देशक की कुर्सी पर बैठना जुनून और उद्देश्य की यात्रा रही है। यह एक्शन गाथा डिजिटल दुनिया की छाया में लड़ी गई अनदेखी लड़ाइयों को ध्यान में लाती है। मैं रोमांचित हूं कि फतेह का टीजर उन दर्शकों के लिए जारी किया गया है जो सिनेमाघरों में पुष्पा 2- द रूल देख रहे हैं। यह एक ऐसी दुनिया की झलक है जिसे बनाने में हमने अपना दिल लगाया है, और मैं दर्शकों को फतेह की एड्रेनालाईन, भावनाओं और विशुद्ध शक्ति का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। यह फिल्म हर उस नायक के लिए मेरी श्रद्धांजलि है जो असंभव बाधाओं के खिलाफ लड़ने की हिम्मत रखता है, और मुझे उम्मीद है कि यह दर्शकों को प्रेरित और रोमांचित करेगी। शक्ति सागर प्रोडक्शंस के लिए सोनाली सूद और ज़ी स्टूडियोज़ के लिए उमेश केआर बंसल द्वारा निर्मित, फिल्म फ़तेह 10 जनवरी, 2025 को रिलीज़ होने वाली है।

## सर्राफा बाजार में तेजी से उछला सोना, चांदी की भी चमक बढ़ी



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना नजर आ रहा है। सोना की कीमत में आज 100 से 110 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की गई है, जबकि और चांदी के भाव आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गए हैं। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 78,040 रुपये से लेकर 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,550 रुपये से लेकर 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,940 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना भी 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## रुपया सात पैसे की बढ़त के साथ 84.71 डॉलर पर



नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सात पैसे मजबूत होकर 84.64 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह ने निवेशकों की धारणा को समर्थन दिया। हालांकि घरेलू बाजारों में सुस्त प्रवृत्ति ने रुपये पर दबाव डालने का काम किया। इसके अलावा निवेशकों को आरबीआई की मौद्रिक नीति का भी इंतजार है। इस नीति में मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन साधने की कोशिश की जा सकती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.66 प्रति डॉलर पर खुला और सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ 84.64 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को 8 4.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.78 पर रहा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# समाजसेवी ने सासंद एवं विधायक से हाई मास्क लाइट लगवाने की मांग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। रामघाट तिराहे पर हाई मास्क लाइट लगवाने की भाजपा सांसद डॉक्टर भोला सिंह एवं भाजपा विधायक चन्द्रपाल सिंह लोधी से समाज सेवी जयपाल सिंह गौतम जरगवां ने की मांग। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाजसेवी जयपालसिंह गौतम जरगवां ने भाजपा सांसद विधायक को अखबार के माध्यम से ध्यान दिलाते हुए बताया है कि थाना रामघाट क्षेत्र रामघाट तिराहे पर एक भी लाइट नहीं लगी है जिसके कारण रात्रि में तिराहे पर अंधेरा रहता है तिराहे पर पुलिस भी अंधेरे में ड्यूटी देती है इस मार्ग से अलीगढ़ नरौरा रामघाट मुरादाबाद आगरा आदि स्थानों तक बस बाइक कार आदि वाहनों का आना जाना रहता है तिराहे पर लाइट ना लगने के कारण लोगों को काफी परेशानी सामना करना पड़ रहा है इस गंभीर समस्या को ध्यान रखते हुए समाजसेवी ने भाजपा सांसद तथा भाजपा विधायक से रामघाट तिराहे पर एक हाई मास्क लाइट लगवाने की मांग की है।

# सपा जिला कार्यालय परसंविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का परिनिवाण दिवस मनाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। बुलंदशहर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का परिनिवाण दिवस मनाया गया इसके बाद मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मतलूब अली ने की तथा संचालन जिला महासचिव विजय कुमार त्यागी ने किया बैठक में अपने विचार रखते हुए मतलूब अली ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष के रूप में काम किया उन्होंने छुआछूत समिति कई प्रथाओं को खत्म करने में तथा दलितों पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया मुख्य वक्ताओं में हाजी अख्तर होशियार सिंह महेंद्र बाल्मीकि मुकेश शर्मा प्रेमवीर यादव श्रीमती किरण शर्मा जाकिर शकील अहमद अरविंद लोधी रामकिशन लोधी लोकेंद्र सीटू आस मोहम्मद गाजी तरुण अग्रवाल चुन्नू कुरेशी जफरुद्दीन सैफी राजकुमार यादव अमित त्यागी विजेंद्र सिरोही जोगिंदर लोधी इरशाद अली आदि सैकड़ो के कार्यकर्ता मौजूद रहे

# समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा बुलंदशहर की मासिक मीटिंग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। बुलंदशहर में समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा जिला बुलंदशहर की मासिक मीटिंग समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शकील अहमद नदवी के आदेश अनुसार जनाब ताहिर अली सैफी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा नेतृत्व में अल्पसंख्यक सभा की मासिक मीटिंग 11,12,2024 दिन बुधवार को (समय सुबह 10 बजे) (ताहिरअली सैफी कैंप कार्यालय स्याना) पर संपन्न होगी। जिसके मुख्य अतिथि जनाब इनामुल हक प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा होंगे। मासिक मीटिंग की जानकारी हाजी खालिद सिद्दीकी जिला महासचिव अल्पसंख्यक सभा ने दी और सभी पदाधिकारी टाइम का ध्यान रखते हुए, वक्त से पहले पहुंचे सभी पदाधिकारी की उपस्थिति जरूरी है।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के दिवस पर सभा आयोजित कर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यालय जिला पंचायत में पुष्पांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया इस अवसर पर अपर मुख्य अधिकारी श्री धर्मजीत त्रिपाठी ने डॉ0 भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर याद किया गया, समस्त जिलापंचायत स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा डॉ भीमराव अम्बेडकर भारत के संविधान निर्माता होने के साथ भारत रत्न से सम्मानित ज्ञान के प्रतीक, दलितों और पिछड़ों के मसीहा थे। डॉ भीमराव अम्बेडकर को परिनिर्वाण दिवस पर कोटि-कोटि नमन। हम सब का दायित्व है कि महान व्यक्तित्व डॉ भीमराव अम्बेडकर संविधान के अनुसार जनहित में अपना-अपना योगदान ईमानदारी और निष्ठा पूर्ण ससमय से पूर्ण कर देश व प्रदेश को विकसित करने में दें। इस अवसर पर जिलापंचायत बुलंदशहर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पुण्यतिथि पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कराई गई प्रतियोगिता में टॉप टेन छात्रों को स्वेटर प्रदान कर सम्मानित किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





बुलंदशहर। शिकारपुर शुक्रवार को परम पूज्य बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 68 वीं पुण्यतिथि पर उच्च विद्यालय चित्सौन में समस्त स्टाफ एवं छात्रों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई,इस अवसर पर 6,7,8 के छात्रों के बीच डॉ भीमराव अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोता का आयोजन किया जिसमें 10 टॉप छात्रों को स्वेटर देकर सम्मानित किया,तथा दो छात्रों को अच्छे कार्य के लिए गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया,सभी बच्चों एवं स्टाफ के साथियों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को देश ओर समाज के लिए उपयोगी बताया ओर उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया,इस अवसर पर एससी एसटी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन यूपी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं इंचार्ज प्रधान अध्यापक वेद प्रकाश गौतम ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया,इस अवसर पर इंचार्ज प्रधान अध्यापक वेद प्रकाश गौतम संतोष कुमार प्रतिभा शर्मा मीनाक्षी गोयल लक्ष्मी महादेवी मीनाक्षी आदि ने विचार रखे।

# जिलाधिकारी द्वारा बाबा साहब डा० भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों को जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा संविधान के अनुसार ही हम सब कार्यरत हैं। हम सबका भी दायित्व है कि संविधान के अनुसार कार्यालय में आने वाले समस्त आमजन की समस्याओं का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण करे। जिससे आमजन शिकायतों का निस्तारण व शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सके। जिससे आमजन का विकास होगा, जब आमजन का विकास होगा तब जनपद, प्रदेश व देश का विकास होगा। आमजन के विकास से ही देश विकसित हो सकेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिषेक कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा0 प्रशान्त कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सूदखोर का आतंक किशोर के रखे जेवर मात्र ढाई हजार रूपये लेने पर लाखों के बेच दिए,पुलिस को दी तहरीर

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर। देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव सुनहेरा निवासी किशोर ने गांव के ही सूदखोर व्यक्ति से 2,500 रुपये उधार लिए। इसके एवज में आरोपी से उसके घर से गिरवी रखने के लिए लाखों रुपये के गहने ले लिए। जिन्हें आरोपी ने किसी सुनार को बेच दिया। जब इस बाबत किशोर के परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने आरोपी के रुपये वापस कर अपने जेवरात मांगे। जिस पर आरोपी ने देने से इन्कार कर दिया और उनके साथ मारपीट करते हुए हत्या की धमकी दी। सुनहेरा निवासी मुरारीलाल ने बताया कि उनके 15 वर्षीय पुत्र ने गांव के ही देवेंद्र से करीब 2,500 रुपये उधार लिए थे। रुपये देने के बाद आरोपी देवेंद्र ने उनके पुत्र पर तत्काल रुपये वापस करने के लिए कहा और इन्कार करने पर घर से कोई चीज लाकर देने के लिए दबाव बनाया। इस पर उनके पुत्र ने घर से सोने की एक अंगूठी, एक चेन और एक टीका ले जाकर आरोपी को दे दिया। इसका पता चलने पर पीड़ित ने अपने पुत्र से पूछताछ की तो उसने आरोपी युवक को गहने देना स्वीकार कर लिया। इसके बाद आरोपी युवक से गहने वापस मांगे गए, लेकिन आरोपी ने जेवरात किसी सुनार को बेच देने की बात कहते हुए इन्कार कर दिया। पीड़ित ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई। देहात पुलिस ने आरोपी देवेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

# एनआरसी कॉलेज खुर्जा में प्राचार्या और चीफ प्रॉक्टर के आदेश पर 23 शिक्षक, शिक्षण कार्य छोड़कर अब गेटकीपर का काम करेंगे

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं शीघ्र ही शुरू होने वाली हैं , किंतु एनआरसी कॉलेज खुर्जा में प्राचार्या और चीफ प्रॉक्टर के आदेश पर 23 शिक्षक, शिक्षण कार्य छोड़कर अब गेटकीपर का काम करेंगे। घोर अव्यवस्थाओं का केंद्र बनता जा रहा है एनआरसी कॉलेज । कॉलेज में एडमिशन में घोटाले के आरोप, छात्रों के धरने प्रदर्शन तथा कर्मचारी और शिक्षकों के धरने लगातार होते रहते हैं। महाविद्यालय का काम जहां बच्चों को शिक्षित करना और उनके भविष्य का निर्माण करना है। अब ऐसी अराजकता में छात्रों का भविष्य अंधकार में दिख रहा है। कॉलेज का प्रबंध तंत्र और प्राचार्या अपनी मनमानी कर रहे हैं, लेकिन शिक्षा विभाग और शासन, प्रशासन एवं विश्वविद्यालय मेरठ भी इन अव्यवस्थाओं पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

# बूथ अध्यक्ष सत्य प्रकाश को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर पुरी बूथ समिति को फूल माला पहनकर सम्मानित किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर सैंट मोमिना स्कूल पर एक गोष्ठी को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के नव मनोनीत बूथ नंबर 328 के अग्रसेन मंडल के बूथ अध्यक्ष सत्य प्रकाश के आवास पर जाकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का चित्र भेंट किया एवं फूलमाला पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष ने सम्मानित किया। इसके उपरांत जिला महामंत्री संतोष वाल्मीकि के आवास पर जलपान किया प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी भूपेंद्र चौधरी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर सेंट मोमिना स्कूल पर एक गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब के दिखाए रास्तों पर हमें चलना है। भारतीय जनता पार्टी ने पंच तीर्थ का निर्माण किया है। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान कैसे हो, उसके बारे में सोचती है। और उस पर सरकार द्वारा की चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत काम करती है। भारत माता को परम व्यवस्था पहुंचना ही भारतीय जनता पार्टी का एकमात्र संकल्प है। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब की पुण्यतिथि को समरसता दिवस के रूप में मानती है। सभी जाति, बिरादरी से ऊपर उठकर सभी को एक साथ लेकर चलना ही भारतीय जनता पार्टी का एकमात्र उद्देश्य है गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने की एवं संचालन जिला महामंत्री अजय त्यागी ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष विकास चौहान, सांसद डॉ भोला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया, मुंशीलाल गौतम, विधायक प्रदीप चौधरी, लक्ष्मी राज सिंह, मीनाक्षी सिंह, हिमांशु मित्तल ने अपने-अपने विचार रखें। इस अवसर पर गिरिराज सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल, संजय माहेश्वरी, संतोष वाल्मीकि, संजय गुर्जर, दीपक ऋषि, राजीव बंसल, नागेंद्र प्रधान, दीपक दुलहरा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप चौधरी, गौरव मित्तल, इंद्र मोहन लोधी, कमल मकवाना, राहुल वाल्मीकि आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद है।

# समर्पण का मतलब मन का अर्पण- संजय गोयल





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर शुक्रवार को विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज में हुए समर्पण सप्ताह में कार्यक्रम अध्यक्ष संजय गोयल ने माँ सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी संजय गोयल ने कहा समर्पण का मतलब होता है अपने मन का अर्पण करना संजय गोयल ने कार्यक्रम में मंच से विद्यार्थियों को संदेश दिया कि अपने मन को अर्पण करो मन अर्पण करने से मतलब किसी के प्रति आदर प्रेम श्रद्धा सम्मान विश्वास करना ही समर्पण कहलाता है संजय गोयल ने कहा भगवान श्री राम अपने पिता राजा दशरथ की आज्ञा का पालन करते हुए चौदह वर्ष वन को चले गए एकलव्य ने अपने गुरु द्रोणाचार्य जी की गुरु दक्षिणा में एकलव्य का दाहिने हाथ का अंगूठा मांगने पर अंगूठा अर्पण कर दिया यही समर्पण है संजय गोयल ने कहा निश्चित तौर पर जब आप अपनी इच्छाओं आकांक्षाओं अहंकार आदि का त्याग करते हैं तो वही समर्पण है कार्य क्रम अध्यक्ष ने संदेश दिया कि हम सभी के शरीर के अंदर ईश्वर का वास है और हमारी आत्मा ही ईश्वर का अंश है और जब हमारा मन किसी भी गलत कार्य के लिए हमें प्रेरित करता है तो हमारी आत्मा उस गलत कार्य को करने से रोकती है यदि हमने अपने मन को आत्मा ईश्वर के लिए समर्पण कर दिया और आत्मा की आवाज को सुनना शुरू कर दिया तो हम गलत कार्य कर ही नहीं सकते इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित चौहान विजय कुमार गौरव कुमार अनिल शर्मा सचिन कुमार ओमकार महिपाल वंदना मेंम प्रियंका मेंम आदि सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित रहे

# पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना के खिलाफ़यूपी अल्पसंख्यक कांग्रेस चलायेगा अभियान- सैयद मुनीर अकबर

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस पूजा स्थल अधिनियम की निचली अदालतों द्वारा अवमानना और उस पर सुप्रीम कोर्ट की चुप्पी के खिलाफ़ आज़ से 6 से 22 दिसम्बर तक जन अभियान चलायेगा। इसके तहत देश के मुख्य न्यायाधीश को एक लाख पत्र भेजे जाएंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा से जारी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने बताया कि 1991 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पूजा स्थल अधिनियम बनाया था जिसे देश की दोनों सदनों ने सर्वसम्मति से पास किया था। अधिनियम में कहा गया था कि 15 अगस्त 1947 तक उपासना स्थलों का जो भी चरित्र था वो वैसे ही रहेगा। उसे चुनौती देने वाली कोई याचिका किसी कोर्ट में स्विकार नहीं हो सकती। इसके साथ ही पुराने सभी लंबित वाद भी स्वत: ही समाप्त हो जाएंगे। लेकिन बावजूद इसके पूर्व मुख्य मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद को मंदिर बताने वाली याचिका को स्वीकार कर के देश भर में ऐसे विवादों की शुरुआत कर दी गयी। यह एक ऐसा मामला था जहाँ सुप्रीम कोर्ट ने ख़ुद क़ानून की अवमानना की और उसके बाद निचली अदालतों में मौजूद सांप्रदायिक मानसिकता के जजों से मस्जिदों और मजारों को मन्दिर बताने वाली याचिकाओं को स्वीकार करवाया जा रहा है। जिससे पूरे देश में अराजकता और हिंसा का माहौल बन रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे आश्चर्य की बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट इस क़ानून की अवमानना पर मूक दर्शक बना हुआ है। इसीलिए इस जन अभियान के तहत एक लाख लोग पत्र भेजकर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना से पूछेंगे कि वो क़ानून की अवमानना पर चुप क्यों हैं। वहीं यह सवाल भी पूछा जाएगा कि मुसलमानों के खिलाफ़ राज्य प्रायोजित हिंसा पर अदालतें संविधान के आर्टिकल 32 और 226 के तहत स्वत: संज्ञान क्यों नहीं लेतीं जबकि पर्यावरण के मुद्दों पर वह मीडिया की रिपोर्टों पर भी हस्तक्षेप करती हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत दलित समाज को संबोधित पर्चा भी बाँटा जाएगा जिसमें इस अभियान को समर्थन देने की अपील की जाएगी। उन्हें बताया जाएगा कि अगर आज पूजा स्थल अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है तो कल जमींदारी उन्मूलन क़ानून का भी उल्लंघन होगा और पुराने जमींदारों के परिजन दलितों को बांटी गयी ज़मीन का कागज लेकर फिर से उस पर दावा करने लगेंगे क्योंकि जब यह कानून बना था तब आरएसएस और जन संघ ने इसका विरोध किया था। वहीं पर्चे के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि संविधान को खतरा मुसलमानों से नहीं बल्कि आरएसएस और भाजपा से है। अभियान में वकीलों, शिक्षकों, डॉक्टरों, मौलानाओं, दलित बुद्धिजीवीयों से संपर्क किया जाएगा। इसके अलावा सोशल मीडिया, चौपालों और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से भी न्यायपालिका के सांप्रदायिक और दलित विरोधी रवैये पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर प्रेस कांफ्रेंस शामिल प्रदेश महासचिव विंसेंट जोयल, शहर अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग वसीम खान,सगर सिंह तोमर,सईमुद्दीन खान, अख्तर अली अनीस अहमद, इस्तखार राणा, साजिद, खालिद , चमन, नौशाद अली आदि मौजूद थे

# नि:शुल्क मैडिकल चैकअप का आयोजन -अमन सैफी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । शिकारपुर नगर स्थित हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क मैडिकल चैकअप का आयोजन किया गया कैंप का आयोजन स्कूल प्रधानाचार्य बी.डी. शर्मा, स्कूल इंचार्ज अरुण कौशिक, जूनियर इंचार्ज प्रीति पाठक, व अमन सैफी, ने फीता काटकर किया इस कैंप में डॉ. एच. एस. वर्मा, डॉ. के.के. चौधरी, और डॉ. शगुन, ने विद्यार्थियों व अध्यापकों का हेल्थ चेकअप किया व विद्यार्थियों को मुफ्त दवाइयाँ भी वितरित की अध्यापक मेघना शर्मा, ओ.पी. वर्मा मो. उस्मान, तूबा खान, आदि ने क्रियाशील भूमिका निभाई ।

# प्रियंका गांधी से मिले जियाउर्रहमान, सांसद बनने पर दी बधाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और वायनाड से नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी से 10 जनपथ पर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और शिकारपुर विधानसभा से विधायक प्रत्याशी रहे जियाउर्रहमान एडवोकेट ने मुलाकात की और आशीर्वाद लिया । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को जियाउर्रहमान ने वायनाड से ऐतिहासिक जीत के साथ सांसद बनने पर बुके देकर बधाई दी। प्रियंका गांधी ने जियाउर्रहमान को लोगों के बीच रहकर काम करने और उनके मुद्दे उठाने का निर्देश दिया और पार्टी की मजबूती के लिए जुटने को कहा । प्रियंका गांधी से मुलाकात के बाद पूर्व विधायक प्रत्याशी शिकारपुर जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कहा कि प्रियंका गांधी पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी का साक्षात स्वरूप हैं । उन्होंने कहा कि दीदी के सांसद बनने से देश के नौजवान, किसान, महिलाओं और वंचित समाज को उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि दीदी प्रियंका गांधी देश का भविष्य हैं, जनहित के मुद्दों पर उनका मुखर रहना और संघर्ष करना प्रत्येक देशवासी के लिए अनुकरणीय है। जियाउर्रहमान ने कहा कि दीदी प्रियंका गांधी जी का संसद पहुंचना राजनीति के नए दौर की शुरुआत है ।

## संभल हिंसा में मारे गए युवाओं की मौत पर कांग्रेसियों ने रखा मौन, शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। शहर कांग्रेस जन गोल मार्केट स्थित शहीद स्मारक पर एकत्रित हुए। जहां कांग्रेस जनों ने संभल हिंसा में मारे गए 5 नौजवानों की मौत पर अपना दुख व्यक्त किया और मोमबत्ती जलाकर उन्हें अपनी-अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस जनों ने 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा शांति के लिए ईश्वर से कामना भी की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने संभल हिंसा की घटना पर दुख जताते हुए कहा है कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार देश के लोगों को मंदिर और मस्जिद के नाम पर लड़ाने में अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगी हुई है। जोकि देश के लिए बड़े ही दुर्भाग्य और चिंता का विषय है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी देश की जनता को उनकी समस्याओं से छुटकारा दिलाने के बजाय लोगों को धर्म और मंदिर - मस्जिद के नाम पर अपने कुकृत्यों से बाज नहीं आ रही हैं। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा है कि संभल हिंसा कांड ने प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। उन्होंने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार से पूछा है कि आखिर ऐसी कौन सी वजह है कि जिस कारण केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार हमारे नेता राहुल गांधी जी को संभल हिंसा में मारे गए नौजवानों के पीड़ित परिवार से मिलने तक नहीं दे रही हैं? श्रद्धांजलि देने वालों में रघुवीर सिंह एडवोकेट, जितेंद्र सिंह, गुलफाम कुरैशी, नरेश कुमार भाटी, गौरव गर्ग, विनोद कर्दम, सविता गौतम, यशपाल सिंह, देवेंद्र कुमार, विक्की शर्मा, भरतलाल शर्मा, अमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे!

## निपुण परीक्षा परिणाम के आधार पर हो शिक्षकों का भी आंकलन- जिलाधिकारी





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में शिक्षा विभाग के उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट जितेंद्र मलिक,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक,एस आर जी, ए आर पी,पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के वार्डन एवं विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में चर्चा के बिंदु निम्नवत थे। ऑपरेशन कायाकल्प,गुणवत्ता शिक्षा,बालिका शिक्षा,मध्याह्न भोजन, यू डायस प्लस, पी एम श्री विद्यालय एवं आर टी ई के अन्तर्गत अलाभित एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों का नवीन सत्र में नामांकन प्रक्रिया। जिसमें ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांग शौचालय के रैंप को मानक अनुसार बनाए जाने पर बल दिया गया। जिससे दिव्यांग छात्र या व्यक्ति रैम्प पर व्हीलचेयर द्वारा आसानी से चढ़ और उतर सके। कोई भी निर्माण कार्य अद्योमानक नहीं होना चाहिए। बालक एवं बालिका शौचालय एवं मूत्रालय क्रियाशील हों। गुणवत्ता शिक्षा में आगामी निपुण परीक्षा कक्षा 1 से 8 के लिए तैयारी इस प्रकार हों कि छात्र ए प्लस ग्रेड प्राप्त कर पाएं। समस्त ए आर पी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षक पढ़ाते समय विशेषकर भाषा विषय में रोचकता लाएं। प्रायः निरीक्षण में देखा जा रहा है कि छात्र रोचकता के साथ पढ़ने के स्थान पर किसी अनुच्छेद को रट रहे होते हैं जो कदापि उचित नहीं है।शिक्षकों की बैठक करते हुए एवं सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में उन्हें रोचकता के साथ पढ़ाने हेतु निर्देशित करते हुए प्रेरित करें। यह भी ध्यान रखा जाए कि छात्रों को केवल किताब का ही नहीं किताब से अलग भी ज्ञान हो। किताब से अलग भी पढ़ाया जाए।विद्यालयों में निरीक्षण के समय विभाग एवं शासन द्वारा दी गई सामग्री, टी एल एम, पुस्तकालय की पुस्तकें एवं खेल का सामान सील पैक मिलता है, उसे खोलकर प्रयोग किया जाए। जनपद का रिजल्ट डी एल एड प्रशिक्षुओं द्वारा कक्षा 1 व 2 के आंकलन में तथा निपुण परीक्षा कक्षा 1से 8 में अच्छा हो।कक्षा को इंटरएक्टिव बनाए जाने पर जोर दिया जाए तथा छात्र उपस्थिति प्रत्येक दिन 80त्न से अधिक हो।यदि रिजल्ट खराब आता है तो क्यों रिजल्ट खराब आता है तब इस पर समीक्षा करते हुए शिक्षकों का भी आकलन करें एवं उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। यदि छात्रों के नामांकन में जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार को लेकर कोई समस्या है तो समस्या को दूर कराया जाए। जीरो पॉवर्टी डाटा प्राप्त करते हुए ऐसे छात्र कहां पढ़ाई कर रहे हैं आगामी 15 दिवस में इस पर कार्य करें। यदि वह बच्चा आउट ऑफ स्कूल है तो उनका विद्यालय में नामांकन कराया जाए। मध्याह्न भोजन गुणवत्तापूर्ण बनवाया जाए।सभी विद्यालय स्टेनलेस स्टील के बर्तन क्रय प्राथमिकता से कर लें तथा बृहस्पतिवार को छात्रों को दिए जाने वाले न्यूट्रीशन में स्वयं सहायता समूह से संपर्क करते हुए तिल गज्जक इत्यादि का शासनादेश के अनुसार का वितरण करें।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने विभाग के कार्यक्रमों को अपने विद्यालयों के प्रांगण में ही करने का प्रयास करें।रसोइयों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए उनकी सूची जल्द से जल्द उपलब्ध करा दें। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्रों को मिलने वाली समस्त सामग्री गुणवत्ता पूर्ण हो तथा शिक्षा भी उन्हें उत्कृष्टता के साथ प्रदान की जाए। पीएम श्री विद्यालय में छात्र उपस्थित 90त्न से अधिक होते हुए समस्त क्रियाकलाप उत्कृष्टता के साथ संपन्न कराएं जाए। इन्हीं समस्त निर्देशों के साथ जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का समापन किया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14.12.2024 को सफल बनाये जाने के लिए प्रशासनिक अधिकारयों के साथ समीक्षा बैठक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14.12.2024 (शनिवार) को सफल बनाने के लिए आज दिनांक 06.12.2024 को माननीय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, हापुड़ श्री मलखान सिंह की अध्यक्षता में जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक का संचालन अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, हापुड़ हनी गोयल की देखरेख में डा0 ब्रह्मपाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा किया गया। बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, हापुड़ मलखान सिंह द्वारा सभी प्रशासनिक अधिकारियों को प्रशासन से संबंधित वादों को प्री-लिटिगेशन स्तर पर अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में संदीप कुमार अपर जिलाधिकारी, हापुड़, जिला विकास अधिकारी, देवेन्द्र प्रताप, डिप्टी चिकित्सा अधिकारी, योगेश गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी, शिवकुमार एवं अन्य समस्त प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा धूमधाम से मनाया गया विश्व एड्स दिवस सप्ताह सप्ताह भर अलग अलग स्थानों पर किए गए कार्यक्रम का आज हुआ समापन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़ । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी जी के कुशल निर्देशन में प्रत्येक वर्ष 01दिसंबर को मनाए जाने वाले विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय की अगुवाई में रविवार को जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय से रैली निकाल कर किया गया इसी के अंतर्गत जनपद के सभी चिकित्सा संस्थाओं व मेडिकल कॉलेज में जागरूकता से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका समापन आज जी 0एस 0 मेडिकल कॉलेज में एक सी 0एम 0ई का आयोजन के साथ किया गया ष्टस्ल्ध में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह द्वारा एड्स की बीमारी के विषय पर अपने संभाषण में रोग के लक्षण व रोग से बचाव पर प्रकाश डाला डॉ सिंह ने बताया कि एड्स का रोग यदि समय पर अपना इलाज लें तो अपनी पूरी उम्र कर सकता है डॉ राजेश सिंह ने बताया कि एड्स असुरक्षित यौन संबंध व संक्रमित ब्लड एवं संक्रमित सिरिंज आदि से फैलने का खतरा होता है इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य श्री दिनेश गर्ग व चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस कुमार डॉ राजेश शर्मा डॉ वैशाली गौतम डॉ साजिया सैफी डा अभिषेक महाजन व कु0 दीपज्योति व कु भावना आदि उपस्थित रहे।

## हापुड पहुँची निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा हापुड़ पहुँची। हापुड़ के ब्रजघाट से लेकर मीरा के रेती तक यात्रा का हुआ भव्य स्वागत। कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी सप्रीमो कर रहे हैं यात्रा का नेतृत्व। माँ गंगा का आशीर्वाद से यात्रा सफलतम अपने शीर्ष पर पहुँचेगी निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा का आज सातवें दिन जनपद हापुड़ में पहुँची। यात्रा जनपद के ब्रजघाट, गढ़मुक्तेश्वर (मीरा की रेती), अड़सैनी से कुचेसर से चौपला से हापुड़ (अंबेडकर चौक) तक भव्य स्वागत हुआ। यात्रा जनपद सहारनपुर से प्रारंभ हुई है और जनपद सोनभद्र तक 200 विधानसभा का सफ़र तय करेगी और यात्रा का समापन नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। इस दौरान निषाद गढ़ मुक्तेश्वर में नाविकों से मुलाक़ात करने ब्रज घाट पहुँचे, और उन्होंने उनका कुशलक्षेम जाना साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी नाविकों के साथ साँझा करते हुए कहा की पूर्व की सरकारों ने मत्स्य विभाग को केवल अपने चहेतों को रेवड़ी बाटने के लिए ही रखा हुआ था। उन्होंने कहा कि वो अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं कि जिस समाज के हक़ अधिकार की लड़ाई वो लड़ रहे थे, उन्हीं की सेवा करने का मौक़ा मुख्यमंत्री ने दिया है, उन्होंने कहा कि मछुआ समाज का बेटा ही मछुआ समाज और मत्स्य विभाग को भलीभाँति से समझ सकता है क्योंकि सामाजिक ताना-बाना मछुआरों का दर्द मछुआ समाज का बेटा ही समझ सकता है, आज प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के मछुआ समाज को मिल रहा है, उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को ब्रज घाट पर निर्देश देते हुए कहा कि ब्रज घाट के सभी नाविकों एवं उनके परिवारजनों का प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना व के0सी0सी(किसान क्रेडिट कार्ड) मत्स्य पालक कल्याण के लिए बनाने का कैम्प लगवाकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कर आख्या भेजने के आदेश दिये हैं।

## निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा हापुड़ पहुँची ब्रज घाट से लेकर मीरा के रेती तक भव्य स्वागत हुआ

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। शुक्रवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा का सातवें दिन जनपद हापुड़ में पहुँची। यात्रा आज जनपद ब्रज घाट, गढ़मुक्तेश्वर (मीरा की रेती), अड़सैनी से कुचेसर से चौपला से हापुड़ (अंबेडकर चौक) तक भव्य स्वागत हुआ। यात्रा जनपद सहारनपुर से प्रारंभ हुई है और जनपद सोनभद्र तक 200 विधानसभा का सफ़र तय करेगी और यात्रा का समापन नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। गढ़मुक्तेश्वर में नाविकों से मुलाक़ात पर श्री निषाद जी गढ़ मुक्तेश्वर में नाविकों से मुलाक़ात करने ब्रज घाट पहुँचे, और उन्होंने उनका कुशलक्षेम जाना साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी नाविकों के साथ साँझा करते हुए कहा की पूर्व की सरकारों ने मत्स्य विभाग को केवल अपने चहेतों को रेवड़ी बाटने के लिए ही रखा हुआ था। उन्होंने कहा कि वो अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं कि जिस समाज के हक़ अधिकार की लड़ाई वो लड़ रहे थे, उन्हीं की सेवा करने का मौक़ा यशस्वी मुख्यमंत्री जी ने दिया है, उन्होंने कहा कि मछुआ समाज का बेटा ही मछुआ समाज और मत्स्य विभाग को भलीभाँति से समझ सकता है क्योंकि सामाजिक ताना-बाना मछुआरों का दर्द मछुआ समाज का बेटा ही समझ सकता है, आज प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के मछुआ समाज को मिल रहा है, उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को ब्रज घाट पर निर्देश देते हुए कहा कि ब्रज घाट के सभी नाविकों एवं उनके परिवारजनों का प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना व के0सी0सी(किसान क्रेडिट कार्ड) मत्स्य पालक कल्याण के लिए बनाने का कैम्प लगवाकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कर आख्या भेजने के आदेश दिये हैं। श्री निषाद जी ने कहा तीर्थ नगरी गढ़ मुक्तेश्वर में माँ गंगा का आशीर्वाद हमेशा निषाद समाज को मिलता रहा है, ऐसे में रथ यात्रा का संवैधानिक रथ यात्रा का पड़ाव माँ गंगा के घाट पर हुआ है उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माँ गंगा अपना आशीर्वाद देंगी और रथ यात्रा सफलतम अपने मुक़ाम को हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि गढ़ मुक्तेश्वर और सभी तीर्थनगरी में निषाद समाज की भूमिका और समाज सेवा किसी से छिपी नहीं हैं, आज भी गंगा नदी में कोई हादसा होता है या कोई डूबने लगता है तो निषाद समाज का बेटा अपनी जान की रक्षा ना करते हुए, उस व्यक्ति को बिना जाति-धर्म जाने उसकी रक्षा करने लिए कूद पड़ता है, ऐसे में गंगा पुत्रों का योगदान कभी कोई नहीं चुका सकता है, प्रदेश सरकार गंगा पुत्रों की दशा-दिशा सुधारने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में मछुआ समाज की अनदेखी की हैं, पूर्ववर्ती कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी की सरकार में स्वजातिय लोगो को लाभ मिलता रहा है। आज भी अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जातीय पाइपलाइन में हैं और आज भी संवैधानिक अधिकारों से वंचित हैं। रथ यात्रा निकालने का उनका एक मात्र लक्ष्य है कि संविधान में सूचीबद्ध अन्य सभी पिछड़ी, अति पिछड़ी, अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति को उनका संपूर्ण अधिकार मिले। जनगणना पर उन्होंने कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है जल्द ही देश में जनगणना होने वाली है, मछुआ समाज से अपील करते हुए कहा कि केवट, मल्लाह, बिंद, कहार, धीवर, रायकवार, कश्यप, बाथम, तुरैहा, भर, राजभर समेत सभी अन्य 17 उपजातियों को अपनी गिनती संविधान में सूचीबद्ध अनुसूचितजाति मझवार और तुरैहा में करवाये। उन्होंने कहा कि 1961 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में 70 लाख मझवार की आबादी अंकित थी किंतु धीरे-धीरे वो गिनती बढ़ने की बजाय घटती चली गई और 2011 की जनगणना के अनुसार मझवार की आबादी 7 हज़ार रह गई है। (नोट- मझवार सेंसस मैन्युअल 1961 एपेंडिक्स फॉर उत्तरप्रदेश के अनुसार अनुसूचितजाति के क्रमांक 53 नंबर पर अंकित है) उन्होंने कहा कि आख़िर किस अधिकार के तहत पूर्ववर्ती सरकारों ने मझवार की संख्या को कम करने का कार्य किया है, आज विपक्ष में बैठे पूर्व के सत्ताधीश लोग जातीय जनगणना को लेकर घड़ियाली आंसू बहाते है उन्होंने कहा कि वो राहुल गांधी, अखिलेश यादव और मायावती को चैलेंज देते है आये और मझवार व तुरैहा की आबादी की में हुए हेर-फेर व कम होने के मामले पर खुली बहस करें, आख़िर 1961 के अनुसार 70 लाख मझवार की आबादी थी तो 2011 की जनगणना के अनुसार मझवार की आबादी 7 हज़ार कैसे रह गई, आख़िर समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की बैसाखी पर चल रही 2011 में केंद्र की कांग्रेस सरकार ने कौन सी जनगणना करवाई थी कि आबादी कम हो गई। ऐसे में मछुआ समाज की सभी उपजातियों को मझवार और तुरैहा में गिनती करवाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से भी बात करेंगे ताकि स्पष्ट हो सके उत्तर प्रदेश में मछुआ समाज (मझवार और तुरैहा) की कितनी आबादी है और पूर्व की सरकारों द्वारा किए गये अत्याचार और भ्रष्टाचार को भी जगज़ाहिर किया जाये। निषाद स्पष्ट किया आगामी विधानसभा सत्र में निषाद पार्टी मछुआ आरक्षण के मुद्दे पर सदन में आवाज़ उठाएगी। कहा की संवैधानिक रथ यात्रा के माध्यम से मछुआ समाज को जोड़ने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है, और प्रदेश के कश्यप, निषाद, केवट, बिंद, मल्लाह, कहार, धीवर, बाथम समेत अन्य 17 उपजातियों का अनुसूचितजाति का लाभ नहीं मिल जाने तक समाज को एकजुटता दिखानी होगी। इस अवसर पर ई0 प्रवीण निषाद , डॉ अमित निषाद, रवींद्र मणि निषाद व्यास मुनि निषाद, जनकन्दनी निषाद, गुंजा निषाद, डीपी निषाद एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## शिक्षार्थी फाउंडेशन द्वारा आयोजित की जाएगी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा शिक्षार्थी फाउंडेशन द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र छात्राएं भाग लेंगे। इस परीक्षा का आयोजन फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा। परीक्षा में सरकारी विद्यालय के साथ-साथ प्राइवेट विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी भाग ले सकते हैं। इस परीक्षा में एक सामान्य सा शुल्क रखा गया है इस शुल्क को जमा करके इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को एक अच्छा उपहार दिया जाएगा। शिक्षार्थी फाउंडेशन के डायरेक्टर जावेद सैफी ने बताया की परीक्षा फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में की जाएगी। जिनके फॉर्म दिसंबर माह में भरे जाएंगे। जिसमें हजारों छात्र-छात्राएं भाग लेंगे तथा इसमें इसका परिणाम अप्रैल माह के अंतिम माह में होगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाली छात्र-छात्राओं को उपहार के रूप में एक स्कूटी प्रदान की जाएगी।

## इन्टरनेशनल डे ऑफ पर्सन विद डिसेबिलिटी दिवस आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को इन्टरनेशनल डे ऑफ पर्सन विद डिसेबिलिटी दिवस मनाया गया। सामुदायिक हापुड़ केंद्र पर किया गया। इस दिवस का शुभ आरंभ डॉ सुनील त्यागी सीएमओ द्वारा किया गया। सीएमओ ने कहा कि दिव्यांग कोई अभिशाप नहीं है। बल्कि समाज के मुख्य धारा केंद्र में उन्हें लाना है। जिससे वे लोग अपने आप को अलग ना समझे। शिविर मे ष्ठरूाक्कटीम की नोडल अधिकारी डॉ प्रेरणा श्रीवास्तव लोगो को जागरूक करते हुए ये बताया कि दिव्याग लोग आम जन की भाँति व्यवहार करते है। शिविर मे उपस्थित जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम में मुग्धा उपाध्याय, मो अनीश द्वारा लोगो को मानसिक रूप से अगर कोई तो उसे जिला अस्पताल के कमरा नंबर 115 में सोमवार बृहस्पतिवार और शुक्रवार को इसका प्रशिक्षण किया जाता है। शिविर में सी एच सी प्रभारी डॉ महेश चंद्र, डॉ लेख राम, सतीश कुमार उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद का जोरदार स्वागत हापुड़ में किया गया





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। हापुड़ में पहुंचे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद का जोरदार स्वागत हापुड़ में किया गया। डॉ संजय निषाद जनपद में जाकर जागरूकता अभियान रैली निकाल रहे हैं जिसमें वह अपने समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए काम कर रहे है। डॉ संजय निषाद ने बताया माता शाकुंभरी के शक्तिपीठ से शक्ति लेकर हम निकले हैं कभी महाभारत काल में पांडवों ने नकुल जी जहां विश्राम किए थे सहारनपुर से लेकर सोनभद्र तक 207 मछुआ हुआ बहुमूल्य हमारी बिरादरी रहती है पहले इन्हें जगाऊंगा बाकी लोगों को बताऊंगा और कभी पहचान थी त्रेता में भगवान राम को पार उतरे थे मर्यादा पुरुषोत्तम राम बाल सखा निषाद राज के वंशज हैं कश्यप ऋषि के वंशज हैं इनका गौरवशाली इतिहास रहा है 74 प्रकार की व्यवस्था देकर इनका शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार के क्षेत्र में संविधान में भी इनको मजवार तुराहा के नाम से अनुसूचित जाति सूची बुद्ध है इन्हें ओबीसी में डाल दिया था 7 जून 2015 को रेल आंदोलन किया था उसके बाद उसे सूची से राज्यपाल ने निकाला बिना संविधान में संशोधन के बिना पार्लियामेंट के राष्ट्रपति ने हमें केवट मलहा मजवहार कश्यप काहर को तुराहा मैं को गिनती कर हम 70 लाख थे हमें ओबीसी में डालकर मजवहार 7000 कर दिया तुराहा 2000 कर दिया हम हारने वाली गिनती क्यों कराये हमने आंदोलन किया उसके बाद राजपाल ने उसे 31 दिसंबर को 2016 को 12 नंबर से कश्यप 13 नम्बर से केवट मलहा बिंद को धीवर निकाल दिया और एक अधिसूचना जारी की ऐसी जातियां अनुसूचित सुविधा प्राप्त करने का लाभ उठा सकेंगे।

## बाबरी विध्वंस की बरसी और जुमे की नमाज के चलते जनपद हापुड़ का पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। बाबरी विध्वंस की बरसी और जुमे की नमाज के चलते जनपद हापुड़ का पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। जनपद हापुड़ के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंज्य सिंह ने पुलिसबल के साथ हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। वहीं अन्य थानों की पुलिस फोर्स ने भी अपने-अपने क्षेत्र में पैदल ग्रस्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा। बाबूगढ़ के थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता पुलिसबल के साथ मैदान में उतरे और आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। शुक्रवार को जुमे की नमाज को सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद हापुड़ के पुलिस अधीक्षक ने कमान संभाली और पुलिस फोर्स के साथ उन्होंने हापुड़ नगर व हापुड़ देहात क्षेत्र में मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में भी गश्त की। बाबूगढ़ के थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने पुलिस बल के साथ आबादी वाले मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा और संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## जनपद हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने सोनू हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। जनपद हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने सोनू हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कुल्हाड़ी, घटना में इस्तेमाल लकड़ी की बुग्गी, एक मोबाइल फोन, प्लास्टिक की पाली, गजरौला में मृत अवस्था में मिले पवन का एक मोबाइल फोन और उसकी एक बाइक भी बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम अन्नु वाल्मीकि पुत्र रामदास निवासी गांव सिसौना थाना बहजोई जनपद संभल तथा राजपाल उर्फ राजू पुत्र जसमाल निवासी गांव सुतारी खुर्द थाना सैद नगली जनपद अमरोहा है। अनु फिलहाल गढ़मुक्तेश्वर के ब्रजघाट स्थित गौशाला तो राजपाल गढ़मुक्तेश्वर के ब्रजघाट स्थित धर्मशाला में रह रहा था। अन्नु को शक था कि सोनू के उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध थे जिसके चलते उसने अपने साथी राजपाल उर्फ राजू के साथ इस वारदात को अंजाम दिया था। 26 नवंबर को मिला था शव-ज्ञात हो कि 26 नवंबर को गढ़मुक्तेश्वर के ब्रजघाट में वन विभाग पानी प्लांट के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला था। यह पुलिस के लिए एक ब्लाइंड मर्डर केस था जिसके खुलासे के लिए टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने जब मृतक की पहचान की तो उसकी शिनाख्त सोनू शर्मा पुत्र सूरज शर्मा निवासी ब्रजघाट थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के रूप में हुई। हत्या का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम जुट गई। अवैध संबंधों के शक में की हत्या-मृतक की पहचान होने पर उसकी मां ने अन्नु पर गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और अन्नु को हिरासत में लिया और सख्ती से पूछताछ करने पर उसने सब कुछ उगल दिया। अन्नु ने बताया कि सोनू शर्मा का मेरे घर आना जाना था। इसी दौरान सोनू शर्मा उसकी पत्नी के साथ प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। सोनू ने पत्नी से कहा कि यदि तुम मेरे साथ रहना चाहो तो मैं अन्नु को जान से मार दूंगा और तुम्हें पूरा खर

## संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। नगर पंचायत बाबूगढ़ छावनी में शुक्रवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह गुर्जर ने कहा कि आज देश उनके योगदान को याद कर रहा है। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प ले रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत बाबूगढ़ में डॉ. बी आर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। देश में 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बी आर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर पंचायत बाबूगढ़ में विभिन्न मार्गों पर कैंडल मार्च निकल गया इस दौरान थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने पुलिस बल के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माला पहन कर बाबा साहब का आशीर्वाद लिया और उनके आदर्शों पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। डॉ. बी आर अंबेडकर ने सामाजिक समानता, न्याय और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष किया। शुक्रवार को लोगों ने भारतीय संविधान के जनक, समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की याद में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर नगर पंचायत के सम्मानित व्यक्ति लोकेश वरुण, पवन जाटव ,अजय सिंह जयंत ,आशीष, लोकेश प्लंबर, संतलाल जयंती, विनय कुमार, आदि लोग मौजूद रहे

## मेट्रो की येलो लाइन को नरेला तक बढ़ाने के लिये विजेंद्र गुप्ता ने केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा



नई दिल्ली । केंद्रीय आवासन और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मिलेनियम सिटी सेंटर, गुरुग्राम से समयपुर बादली तक चल रही मेट्रो येलो लाइन को नरेला तक बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में उनके नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। बैठक में भाजपा सांसद वैजयंत जे. पांडा, अतुल गर्ग, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत, राज कुमार आनंद पूर्व विधायक करतार सिंह दिल्ली के सभी भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, जितेंद्र महाजन, अभय वर्मा, अजय महावर और अनिल वाजपेई शामिल थे। इस अवसर पर डीडीए के उपाध्यक्ष, आवासन और शहरी विकास मंत्रालय के सचिव, एल एंड डीओ विभाग के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री को दिए गए ज्ञापन में विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में मेट्रो के येलो लाइन कॉरिडोर के अंतर्गत समयपुर बादली तक ही मेट्रो की सेवा उपलब्ध है। इसका विस्तार कर इसे सिरसपुर मेट्रो डिपो तक ले जाने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार पहले ही अपनी स्वीकृति दे चुकी है। इसलिए यदि इसका नरेला तक विस्तार कर दिया जाए तो लाखों लोग मेट्रो की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। केंद्रीय मंत्री के साथ हुई उच्यस्तरीय बैठक में रद्द किये गये पट्टों को बहाल करने, लैंड पूलिंग, दुकानों को डीसील करना, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी एक्ट पर पुनर्विचार करने और आरसीएस में जरूरी संशोधन करने तथा दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण जैसे अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा किया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि अलीपुर, खेड़ा और नरेला के आसपास का क्षेत्र घनी आबादी वाला है और यहां मेट्रो कनेक्टिविटी की भी कमी है। क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण वर्तमान येलो लाइन का विस्तार कर इसे नरेला तक ले जाया जाना चाहिए, ताकि लाखों लोगों को इसका फायदा मिल सके। गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ सालों में अलीपुर, नरेला और इसके आसपास के क्षेत्र का विकास होने के कारण यहां की जनसंख्या में काफी इजाफा हुआ है, जिसके चलते यहां पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है और इस कारण ईंधन और लोगों का वक्त बर्बाद होता है। इसलिए यदि वर्तमान येलो लाइन का विस्तार सिरसपुर से वाया खेड़ा, अलीपुर होते हुए नरेला तक कर दिया जाए तो यहां के लाखों लोगों को आवागमन में न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि ट्रैफिक जाम से भी मुक्ति मिल सकेगी और उनके जीवन स्तर में भी सुधार हो सकेगा। मेट्रो का यह विस्तार शहरी आवागमन को आसान बनाने के केंद्र सरकार के संकल्प को भी पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।

## लोग दिल्ली को बचाने के लिए कांग्रेस की ओर देख रहे हैं- देवेन्द्र यादव



नई दिल्ली । दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने शुक्रवार को दिल्ली न्याय यात्रा के आखिरी दौर में 29वें दिन नरेला विधानसभा और बादली विधानसभा में निकाली। बादली विधानसभा से शुरु हुई यात्रा में देवेन्द्र यादव के साथ कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट, दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन और पंजाब प्रदेश अध्यक्ष अमन्दिर सिंह राजा वडिंग भी शामिल थे। यात्रा के दौरान डॉ. अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर देवेन्द्र यादव को उनकी तस्वीर भेंट की गई। इस मौके पर देवेन्द्र यादव ने कहा कि मैं बादली विधानसभा की बात करता हूं कि मैंने जितना विकास बादली में करवाया था, उसे पिछले कुछ सालों में बर्बाद कर दिया। यहां मेट्रो लाए, गरीबों के लिए मकान बनवाए, अंडर ब्रिज बनवाया, कम्युनिटी सेंटर बनवाए, परंतु 11 वर्षो में सब कुछ बर्बाद हो गया है। श्री यादव ने कहा कि केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार के मुखिया देश को बेचने के साथ-साथ लोगों को बांटने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट और मजबूत होकर इन बहरुपियों को इनकी असलियत दिखानी होगी और यहां से सभी न्याय यौद्धा, कांग्रेस कार्यकर्ता और कांग्रेस समर्थक प्रण ले कि जब तक इन्हें खदैड़ नही देंगे, चैन से नही बैठेंगे। आपकी एकता दिल्ली वालों के लिए एक नया सवेरा लेकर आएगी। श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि जिस तरह से दिल्ली विश्वविद्यालय चुनाव में 7 साल का वनवास तोड़ा है उसी तरह कांग्रेस दिल्ली की जनता के सहयोग और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत से 11 वर्षों के वनवास को तोड़ने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा जिस विधानसभा में गई वहां के हर छोटे बड़े नेता और कार्यकर्ता ने यात्रा में शामिल होकर अपना कर्तव्य निभाया है, दिल्ली का छोटे से छोटा कार्यकर्ता और समर्थन दिल्ली न्याय यात्रा से अछूता नही रहा। श्री यादव ने कहा कि पिछले 29 दिनों से चल रही दिल्ली न्याय यात्रा मेरी यात्रा नही है, यह यात्रा कांग्रेस की यात्रा है, यह उन गरीब, पीड़ित, परेशान दिल्ली की जनता की यात्रा है जिसके अधिकारों का पिछले 11 वर्षों में हनन हुआ है और आज दर्द, पीड़ा और परेशानी के साथ मजबूरी में जीने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के सहयोग से कांग्रेस 2025 में सरकार बनाऐगी। मैं बताना चाहता है चाहे कोई हमारा कम आंकलन करे या कोई ज्यादा आंकलन करे, हम दिल्ली की जनता की बदलाव की चाह के साथ उनकी समर्थन से दिल्ली फिर एक बार बहुमत के साथ सरकार बनाकर दिल्ली की जनता की सेवा करेंगे। फरवरी 2025 में निश्चित ही कांग्रेस वापसी करने जा रही है।

## दिल्ली में ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़, 1 करोड़ की ड्रग्स बरामद



नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने साइकोट्रोपिक पदार्थ अल्प्राजोलम की आपूर्ति में लिप्त एक ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। इस अभियान में 30 किलोग्राम अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये है। इसके साथ ही अपराध में इस्तेमाल की गई 2 मोटरसाइकिलों को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों, लक्ष्मण और पंकज को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके से गिरफ्तार किए गए, जहां से 27 किलोग्राम अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद की गई। इनके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 22(सी)/25/29 के तहत एफआईआर संख्या 243/2024 दर्ज की गई है। यह कार्रवाई एनसीओआरडी की 9वीं राज्य स्तरीय समिति की बैठक के बाद तेज हुई है, जिसे 26 नवंबर 2024 को दिल्ली के उपराज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। बैठक में नशा मुक्त दिल्ली का लक्ष्य निर्धारित करते हुए एक महीने के व्यापक अभियान को शुरू करने के निर्देश दिए गए थे।

इस पहल को दिल्ली को नशीली दवाओं की समस्या से मुक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## वॉटर ट्रांसवर्सैलिटी ग्लोबल अवॉर्ड्स एंड कॉन्क्लेव का किया आयोजन




नई दिल्ली । वॉटर ट्रांसवर्सैलिटी ग्लोबल अवॉर्ड्स एंड कॉन्क्लेव केवल एक सम्मेलन नहीं है, बल्कि एक जटिल पहेली का संभावित उत्तर है, जहां पानी, ऊर्जा, पर्यावरण और स्वास्थ्य केवल हिस्से नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण ढांचा हैं। यह एक परिवर्तनकारी मंच है जो हमारे ग्रह के सबसे महत्वपूर्ण संसाधन की बुनियादी परस्पर संबंधता को पहचानता है, डॉ. अरविंद कुमार ने 5 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली में वॉटर ट्रांसवर्सैलिटी ग्लोबल अवॉर्ड्स एंड कॉन्क्लेव के उद्घाटन के अवसर पर कहा। इसका उद्घाटन भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों, राजमार्ग और परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, इंडिया वॉटर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार, यूएन ईएससीएपी के एसएसडब्लूए कार्यालय की निदेशक मिकिको तनाका और दिल्ली सर्कल के मुख्य डाकपाल कर्नल अखिलेश कुमार पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए इंडिया पोस्ट द्वारा एक विशेष आवरण भी जारी किया गया। अतिथियों ने डॉ. अरविंद कुमार की पुस्तक ऋफ्राइडे म्यूजिंग्सऋ का विमोचन किया, जो उनके फ्राइडे ब्लॉग का संकलन है, और उन्होंने दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया क्षेत्र के दस देशों पर के लिए डॉ. अरविंद कुमार द्वारा तैयार पर एक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। माननीय मंत्री ने इस आयोजन के लिए 23 संगठनों को एक साथ लाने की पहल के लिए डॉ. अरविंद कुमार को बधाई दी। वॉटर ट्रांसवर्सैलिटी ग्लोबल अवॉर्ड्स एंड कॉन्क्लेव का आयोजन इंडिया वॉटर फाउंडेशन द्वारा भारत सरकार के विद्युत, जल शक्ति, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग के दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया कार्यालय के समर्थन से किया गया। शॉम्बी शार्प ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने पानी, ऊर्जा और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर भारत सरकार के साथ मिलकर काम किया है,

डॉ. चतुर्वेदी ने जोर दिया कि हमें ऐसी नीतियों को अपनाने की आवश्यकता है जो एकीकृत हों क्योंकि पानी, जलवायु और स्वास्थ्य सभी आपस में जुड़े हुए हैं। सुश्री तनाका ने कहा कि हमेशा उपक्षेत्र के देशों के बीच सहयोग और सहयोग की वकालत की है। हर किसी की भूमिका महत्वपूर्ण है। श्री घोष ने असमानता और समावेशन की चुनौती, पानी और ऊर्जा की बढ़ती मांग और अस्थिर खपत के पर्यावरण पर प्रभाव को उजागर किया। इस कार्यक्रम में आयल इंडिया, गेल इंडिया, इंडियन आयल, आनंदिता मेडिकेयर, बीपीसीएल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, वाटर एंड पावर कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड का महत्वपूर्ण योगदान रहा ह। इंडिया वाटर फाउंडेशन इन सभी का हार्दिक आभारी है।

## महापौर महेश कुमार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी



नई दिल्ली । दिल्ली नगर निगम के मेयर महेश कुमार ने सिविक सेंटर मुख्यालय में आज संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक, और 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र यादव, प्रमुख अभियंता के.पी सिंह और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहेब अंबेडकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मेयर महेश कुमार ने कहा, डॉ. अंबेडकर ने अपने जीवन को समाज के वंचित, उपेक्षित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने समता, समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित एक नए भारत का सपना देखा। बाबा साहेब ने न केवल दलितों और गरीबों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, बल्कि पूरे समाज को एकजुट करने का मार्ग प्रशस्त किया।

उन्होंने कहा, डॉ. अंबेडकर ने हमें सिखाया कि हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। उनके योगदान से ही हम एक न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज की कल्पना कर पाए। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए।

महान समाज सुधारक और भारतीय लोकतंत्र के स्तंभ डॉ. अंबेडकर की जयंती और पुण्यतिथि पर उनके कार्यों और योगदान को सदैव स्मरण करना हम सबका कर्तव्य है।

## दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार किए







नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने रोहिणी इलाके में गोलीबारी की घटना के बाद टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो शूटर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दोनों शूटर के पैरों में गोली लगी और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उनकी पहचान सोनीपत के नरेंद्र (24) और पानीपत के अभिषेक (22) के रूप में हुई है।

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में दो शूटर की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रणव तायल ने बताया, ''नरेंद्र और अभिषेक मुंडका थाना क्षेत्र में हुई हत्या के एक मामले में वांछित थे। नौ नवंबर को लूट के एक मामले में जमानत पर रिहा हुए अमित लकड़ा (26) की मुंडका में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। टिल्लू ताजपुरिया-दविंदर बंबीहा गिरोह ने हत्या की जिम्मेदारी ली थी।'' अधिकारी ने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए हमलावरों ने घटनास्थल से भागने से पहले लकड़ा पर कई गोलियां चलाईं। विशेष प्रकोष्ठ ने 14 नवंबर को यमुना नगर निवासी निहाल को गिरफ्तार किया, जो लकड़ा गोलीकांड के कथित शूटरों में से एक है। बाद में पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की जबकि नरेंद्र समेत दो मुख्य शूटर फरार हो गए। डीसीपी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को रोहिणी इलाके में दो शूटर के मौजूद होने की सूचना मिली थी। जैसे ही हमारी टीम ने कराला रोड पर मोटरसाइकिल पर दो संदिग्धों को देखा उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां चलाकर भागने की कोशिश की।'' अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की और नरेंद्र तथा अभिषेक को काबू कर लिया। पुलिस की कार्रवाई में बदमाशों के पैरों में गोली लगी। लकड़ा हत्याकांड में नरेंद्र मुख्य साजिशकर्ता था और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के जेल में बंद सदस्यों के संपर्क में था, जबकि अभिषेक एक शूटर और मामले में सह-आरोपी था।

## आबकारी नीति-धन शोधन मामले में केजरीवाल की याचिका पर अदालत का सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार



नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने धन शोधन के एक मामले में उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने कहा, ''मामले की सुनवाई उसी तारीख (20 दिसंबर) को होगी। मेरे पास सुनवाई के लिए और भी मामले हैं।'' केजरीवाल ने अपनी याचिका के संबंध में सुनवाई की तारीख 20 दिसंबर से आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। अदालत द्वारा सुनवाई की तारीख बदलने से इनकार करने के बाद केजरीवाल के वकील ने अनुरोध किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को याचिका पर उसके जवाब की प्रति अग्रिम रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाए। अदालत ने ईडी के वकील से कहा, ''आपने जो भी मामला दर्ज किया है, उसे उन्हें भी दे दीजिए।'' उच्च न्यायालय ने 21 नवंबर को धन शोधन मामले में केजरीवाल के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। केजरीवाल ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करने का अनुरोध किया और दलील दी कि विशेष अदालत ने उनके खिलाफ अभियोजन के लिए किसी मंजूरी के बिना आरोपपत्र पर संज्ञान लिया जबकि इसके लिए मंजूरी आवश्यक थी क्योंकि कथित अपराध के समय वह लोक सेवक थे। हालांकि, ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केजरीवाल पर मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी मिल गई है और वह एक हलफनामा दायर करेंगे। आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए निचली अदालत के नौ जुलाई के आदेश को रद्द करने के अनुरोध के अलावा केजरीवाल ने मामले में सभी कार्यवाही रद्द करने का भी अनुरोध किया। याचिका में कहा गया है कि केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाना कानून की नजर में गलत है, क्योंकि यह धारा 197 दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत अनिवार्य मंजूरी प्राप्त किए बिना किया गया। सीआरपीसी की धारा 197 (1) के अनुसार, जब कोई व्यक्ति जो न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट या लोक सेवक के पद पर है या था, जिसे सरकार की मंजूरी के बिना उसके पद से हटाया नहीं जा सकता, वह किसी अपराध का आरोपी है तो कोई भी अदालत पूर्व मंजूरी के बिना ऐसे अपराध का संज्ञान नहीं लेगी। उच्च न्यायालय ने 12 नवंबर को केजरीवाल की एक अन्य याचिका पर ईडी से जवाब मांगा था, जिसमें उन्होंने धन शोधन मामले में एजेंसी की शिकायत पर उन्हें जारी समन को चुनौती दी थी।

# नागरिक सुरक्षा कोर के स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण, पदसंचलन और मॉक ड्रिल का आयोजन




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। नरौरा भारत सरकार के नागरिक सुरक्षा अधिनियम-1968 द्वारा स्थापित नागरिक सुरक्षा कोर के स्थापना दिवस पर नागरिक सुरक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर नरौरा बुलंदशहर के मार्गदर्शन में कोर का स्थापना दिवस अपने कार्यालय पर ध्वजारोहण के साथ आयोजित किया। चीफ वार्डन नागरिक सुरक्षा नरोरा योगेन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ वार्डन विकास वार्ष्णेय और प्रभारी सहायक उपनियंत्रक उमेश चंद्र अवस्थी द्वारा संयुक्त रूप से कोर के ध्वज का आरोहण करने के उपरांत सभी उपस्थित सदस्यों को भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू , भारत के प्रधानमंत्री मा. नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री मा.अमित शाह और महानिदेशक पुलिस प्रशांत कुमार द्वारा प्रेषित स्थापना दिवस शुभकामना संदेशों को पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा कार्यालय प्रांगण में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में योगेंद्र सिंह चीफ़ वार्डन, विकास वार्ष्णेय डिप्टी चीफ वार्डन, उमेश चंद्र अवस्थी सहायक उप नियंत्रक, पी पी सिंह सेक्टर वार्डन, देवदत्त सिंह, दिलीप कुमार विश्वास, दिलीप कुमार गुप्ता, निधि शर्मा, घलेंद्र सिंह आदि ने अपने उद्बोधन में नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा आपात परिस्थिति और आवश्यकता के समय में राष्ट्र और जन सामान्य की सेवा के बारे में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कोर के कार्यकलापों, संरचना और महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद सामान्य जन जागरण एवं नागरिकों की सुरक्षा हेतु नरोरा नगर में बैनर और हस्तपट्टिकाओं के साथ पद-संचलन रैली भी निकाली गई। नरौरा इकाई द्वारा इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के अग्निशमन और दुर्घटनाग्रस्त जनसामान्य सहायता व प्राथमिक उपचार सम्बन्धी मॉकड्रिल्स का प्रदर्शन भी सफलता पूर्वक किया। मॉक ड्रिल प्रदर्शन में विजय सिंह, तेज प्रकाश, मुकेश गुप्ता, बृजमोहन, ललित शर्मा, प्रवीण कुमार, लोकेश कुमार, मनीष कुमार, रोहिताश कुमार अनिरुद्ध कुमार सहित 50 स्वयंसेवको ने भाग लिया।

# शिकारपुर पुलिस हाई अलर्ट चप्पे-चप्पे पर पुलिस ड्रोन से निगरानी




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर संभल में जामा मस्जिद सर्वे को लेकर हुई हिंसा के बाद पुलिस ने थ्री लेयर सुरक्षा लागू की है मथुरा में शाही मस्जिद ईदगाह में जलाभिषेक की घोषणा के चलते सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है शुक्रवार को पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च करते सीओ, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार, एस आई विजय सिंह, सहित अन्य अधिकारी मथुरा में छह दिसंबर को शाही मस्जिद ईदगाह में जलाभिषेक करने की घोषणा को लेकर अलर्ट घोषित किया गया है संभल में जुमा की नमाज को लेकर थ्री लेयर सुरक्षा हिंसा के बाद पुलिस ने जुमा की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी दिखाई दी मस्जिदों के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल और आरआरएफ तैनात दिखाई दी सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी खुफिया तंत्र भी नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिए हर आने जाने वाले पर नजर रखी पुलिस को संवेदनशील इलाकों में पैनी नजर रखी खुफिया तंत्र भी सक्रिय पुलिस सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रख रही है ।

# इंटरनेशनल हैनिमैन जेंट्रम टोरगो, जर्मनी की टीम ने किया नेमिनाथ हॉस्पिटल और प्राचार्य डॉ.प्रदीप गुप्ता को सम्मानित



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

आगरा। कुबेरपुर स्थित नेमिनाथ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज,हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।जिसमें होम्योपैथिक के जनक डॉ.सैमुअल हैनिमेन की विरासत को संभालने वाली संस्था इंटरनेशनल हैनिमैन जेंट्रम टोरगो, जर्मनी की चेयरपर्सन कैरोला शुएरेन ने कैंसर जैसी बीमारी से राहत और सफल इलाज का कीर्तिमान बनाने वाले आगरा के नेमिनाथ होम्योपैथिक कॉलेज को द बेस्ट होम्योपैथिक टीचिंग हॉस्पिटल इन इंडिया सम्मान से सम्मानित किया।साथ ही कैंसर रोग के इलाज में विशिष्ट कीर्तिमान स्थापित करने के लिए नेमिनाथ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.प्रदीप गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।यह सम्मान इंटरनेशनल हैनिमैन जेंट्रम टोरगो, जर्मनी की चेयरपर्सन कैरोला शुएरेन, वाइस चैयरमेन एंड्रियास जंग और एंजेलिका द्वारा कॉलेज के प्रचार्य डॉ.प्रदीप गुप्ता को प्रदान किया गया।

कैरोला शुएरेन ने कहा कि आधुनिक विज्ञान आज भी कैंसर से पूरी तरह से जीत नहीं पाया है। किंतु पूरे विश्व में कैंसर बीमारी को हराने में बहुत अधिक सफल हुए डॉ प्रदीप गुप्ता भारत सहित पूरे विश्व के लिए सम्मान के पात्र हैं। कॉलेज ने अपने शोध एवं चिकित्सा पद्धति से सैंकड़ों लोगों को कैंसर बीमारी और उसके दुष्प्रभावों में राहत दी है। उनके द्वारा किये गए शोध आज होम्योपैथिक चिकित्सा में नये कीर्तिमान बन चुके हैं। वाइस चैयरमेन एंड्रियास जंग और एंजेलिका ने कहा कि क्रिटिकल मरीजों को भर्ती करने की डॉ.प्रदीप के हॉस्पिटल में सुविधा है, जिससे असंख्य कैंसर रोगी लाभान्वित हुए हैं और हो रहे हैं। डॉ. प्रदीप गुप्ता ने बताया कि होम्योपैथिक चिकित्सा जगत में जर्मनी देश का बहुत विशेष योगदान है। इस देश से सम्मान प्राप्त करना अपने आप में गौरवांवित कर रहा है और चिकित्सा सेवा को प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने कहा कि नेमिनाथ हॉस्पिटल में आधुनिक एवं विश्वस्तरीय तकनीकों से कैंसर का इलाज किया जाता है। इसमें सफलता का अनुपात सकारात्मक है। होम्योपैथिक तकनीक द्वारा कैंसर रोग के इलाज में एलोपैथी की अपेक्षा मरीज को कम शारीरिक परेशानी होती है।

इस अवसर पर जर्मन टीम ने हॉस्पिटल में मरीजों से भेंट कर उनका हालचाल जाना और उनके ठीक होने पर संतोष व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने की जनसुनवाई, कहा-शिकायत का किया जायेगा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा जनसुनवाई व जनसुनवाई से सम्बंधित प्रकरणों को समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने हेतु अधिकारियों को दिशा—निर्देश दिये। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, घरेलू झगड़ें से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बंधित विभागध्यक्षों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने शिकायतकर्ताओं को समयावधि देते हुए कहा कि यदि दिये गये समय में शिकायत का निष्पक्ष, स्वतंत्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होता है तो आप मुझसे दोबारा मिल सकते है, जिससे कि शिकायत का निष्पक्ष, स्वतंत्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी महोदय का आभार प्रकट करते हुए कहा कि महोदय आपके द्वारा शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त करने से हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारी समस्या का निश्चित ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो जायेगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री रणविजय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए करायें प्रचार—प्रसार- जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत समिति की बैठक आहूत हुई। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद स्तर पर प्रचार कराया जाएं। ग्राम प्रधान, सभासद, पार्षद सहित जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए योजना का प्रचार—प्रसार करायें, जिससे अधिक से अधिक पात्र लोग इस योजना के बारे में जान सके और इसका लाभ प्राप्त कर सके। साथ ही मेरे (जिलाधिकारी गाजियाबाद) के नाम से सभी से अपील करते हुए का पम्पलेट छपवायें और अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित कराये जाने हेतु योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा यह निर्देशित किया गया कि उनके स्तर से नगर क्षेत्र में समस्त पार्षद एवं ग्रामीण क्षेत्र में समस्त ग्राम प्रधानों को योजना के विषय में यह अवगत कराया जाये कि ऐसे गरीब व्यक्ति, जो समारोहपूर्वक अपनी पुत्रियों की शादी नहीं कर पाते है शासन की इस कल्याणकारी योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराये। योजनान्तर्गत पुत्री के बैंक खाते में रू0 35,000/- की धनराशि अन्तरित की जाती है व रू0 10,000/- की उपहार सामग्री के साथ-साथ आयोजन में रू0 6,000/- प्रति जोड़ा की धनराशि व्यय की जाती है, इस आशय का विस्तृत उल्लेख करते हुये अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से अनुरोध पत्र प्रेषित किया जाये। यह भी निर्देशित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारी के स्तर से समस्त ग्राम पंचायत सचिव को अपनी ग्राम पंचायत में बी0पी0एल परिवार, अन्तयोदय एवं निर्धन परिवार से 02-02 जोड़ों का विवाह कराये जाने का लक्ष्य दिया जाये।

जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि योजना का पम्पलेट बनवाकर पार्षदों को प्रचार प्रसार हेतु दिया जाये एवं समाचार पत्रों में निरन्तर प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रचार कराया जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गाज़ियाबाद नगर निगम सीमा अन्तर्गत विजय नगर क्षेत्र, अर्थला व लोनी तथा खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में योजना का प्रचार प्रसार किया जाये। इन स्थानों से पात्र लाभार्थी मिल सकते है। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जेम पोर्टल पर नवीन बिड की सुविधा अनुमन्य नहीं होने के कारण वर्ष 2023-24 में जेम पोर्टल पर बिड के माध्यम से स्वीकृत संस्था से उपहार सामग्री एवं आयोजन की व्यवस्था कराये जाने का अनुमोदन जिलाधिकारी द्वारा दिया गया था। वर्तमान में जनपद में सम्पन्न हुये 43 जोड़ों के सामूहिक विवाह में आयोजन एवं उपहार सामग्री का वितरण पूर्व स्वीकृत फर्म के माध्यम से कराया गया है। वर्तमान में भी जेम पोर्टल पर बिड/ई-टेण्डर की व्यवस्था संचालित नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा यह व्यवस्था दी गई कि जेम पोर्टल/ई-टेण्डर संचालित होने पर आपूर्तिकर्ता एवं आयोजनकर्ता फर्म का चयन कर लिया जाये। जिलाधिकारी द्वारा कठोर निर्देश दिये गये कि पात्रता का परीक्षण गहनता से किया जाये। किसी भी दशा में अपात्र जोड़ों का विवाह न होने पावे। अन्यथा जाँचकर्ता अधिकारी / कर्मचारी के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती पुष्पांजली, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र श्री श्रीनाथ पासवान, ए0आर0ओ0 आपूर्ति विभाग श्री विशाल यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) / जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री दिग्विजय सिंह, प्रभारी जिला कार्यकम अधिकारी श्रीमती विनिता चन्द्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री वेद प्रकाश मिश्र सहित अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा समिति को योजना के विषय में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

# रतन प्रकाश ऑर्थोपेडिक्स क्लिनिक एव आई केयर सेंटर का शुभारंभ हुआ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । डीएम रोड पर स्थित रतन प्रकाश ऑर्थोपेडिक्स क्लिनिक एव आई केयर सेंटर का शुभारंभ हुआ मुख्य डॉक्टर अशोक शर्मा व डॉ गीता शर्मा डॉक्टर अनुभव शर्मा व डॉक्टर श्वेता तिवारी शर्मा ने बताया कि मरीजों को हर सुविधा मिलेगी और मरीजों के लिए हर ट्रीटमेंट का इलाज किया जाएगा वहीं शहर के सभी व्यापारियों और राजनीतिक लोगों ने पहुंचकर बधाई व शुभकामनाएं दी

# डॉ भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । भारतरत्न ,संविधान निर्माता ,प्रथम कानून मंत्री दलितों के मसीहा डॉ भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस मौके पर राजेंद्र कुमार एडवोकेट पूर्व जिला अध्यक्ष मंडल प्रभारी , अंकित सिंघल,सचिन कुमार एडवोकेट,पवन सहगल एडवोकेट,अमित कुमार,अनुज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# डिबाई क्षेत्र के गांव नगला खेड़ा से होता रहता है अबैध मिट्टी खनन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । डिबाई निवर्तमान एसडीएम गजेंद्र सिंह, दीपक कुमार, प्रियंका गोयल के ईमानदार छवि तथा सख्त तेवरों के चलते डिबाई क्षेत्र में तत्समय व्याप्त अवैध मिट्टी खनन को समूल ध्वस्त कर दिया गया था। जिसमें तत्कालीन तहसीलदार नवीन कुमार वर्तमान एसडीएम द्वारा रात रात भर छापेमारी कर के इस सिंडिकेट को ध्वस्त कर क्षेत्र को अवैध खनन से मुक्त कराया गया था। इसीक्रम में वर्तमान एसडीएम कमलेश कुमार गोयल ने भी किसी माफिया की अवैध गतिविधि को नजरअंदाज नहीं किया है। लेकिन कहते हैं कि जब किसी खेत की बाढ़ ही उस खेत को खाने लगे तो उसे कौन ओर कब तक बचाएगा। ऐसा ही दृश्य डिबाई क्षेत्र के गांव नगला खेड़ा में दृष्टिगत है जहां नगला खेडा से खुले आम ट्रैक्टरों से मिट्टी खनन किया जा रहा है।ज्ञात हो कि विगत कुछ दिन पूर्व खनन कर्ता द्वारा मिट्टी खनन करते हुए तहसील प्रशासन ने उसके ट्रैक्टर को सीज कर दिया था। जिसके चलते उक्त ट्रैक्टर लगभग एक महीने से ज्यादा कोतवाली डिबाई परिसर में खड़ा पाया गया। परंतु कुछ दिन पूर्व उक्त ट्रैक्टर के मुक्त हो जाने पर नगला खेड़ा से पुन: मिट्टी खनन शुरू हो गया है। सूत्रों की माने तो उक्त खनन माफिया का कार्यक्षेत्र डिबाई के धर्मपुर मार्ग के अलावा रोडवेज बस स्टैंड के पीछे बसी कॉलोनियों में बताया जा रहा है। जहां नव निर्माणाधीन भवनों तथा प्लाटिंगों के भराव में 1000 से 1200 रुपए प्रति ट्रॉली लेकर अवैध रूप से मिट्टी भराव किया जा रहा है। इतना ही नहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार ये और इन जैसे तमाम खनन कर्ता सुबह शाम में ऐसे भू स्वामियों के खेत तथा बाग से चुपचाप मिट्टी खोद लेते हैं जहां कोई देखभाल करने वाला न हो। ज्ञात हो कि अभी कुछ दिन पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मलखान सिंह लोधी ने एक तहरीर डिबाई कोतवाली में दी जिसमें उन्होंने शिकायत की कि कुछ अज्ञात खनन माफियाओं ने उनके कर्णवास रोड स्थित फार्म हाउस के बराबर के उनके बाग से उनकी बिना अनुमति के काफी मिट्टी खोद ली है। जिसमें स्थानीय पुलिस की सजगता के चलते की गई तफ्तीश में सामने आया कि भैंसा-बुग्गी से मिट्टी खनन करने वाले कुछ खननकर्ताओं ने उक्त स्थान से मिट्टी चोरी कर ली थी। हालांकि आरोपियों द्वारा माफी मांग लेने पर मामला शांत हो गया। परंतु इस तरह के नए फार्मूले के दम पर जिस तरह छोटे छोटे अबैध मिट्टी खननकर्ता माफिया का रूप अख्तियार कर रहे हैं वो निश्चित ही गौर करने का विषय है। जब इस संबंध में नगला खेड़ा तथा खनन मार्ग में रहने वाले लोगों ने इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की तो उसका संज्ञान लेते हुए वर्तमान लेखपाल द्वारा उक्त खनन पर सख्ती का प्रयास किया गया। जिस पर दंवगई दिखाते हुए खनन माफिया ने अपनी हनक दिखाने का प्रयास किया। साथ ही उक्त लेखपाल पर बेबुनियाद आरोप लगाते हुए उसकी शिकायत शासन में कर दी। हालांकि ये जांच का विषय है कि किसी गलत काम को रोकने के लिए किसी को भी स्वयं गलत होने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। परंतु यदि अवैध धंधों में लिप्त लोग सत्ता का सफेद आवरण धारण करके अपने अवैध स्वार्थों की सिद्धि में लगेंगे तो प्रशासन को कार्यवाही करने में समस्या तो होगी ही। हालांकि ऐसे लोग बहुत ज्यादा दिन सफेदपोश बनकर घूम नहीं पाते। अब चुनौती प्रशासन के समक्ष ये है कि ऐसे स्वयंभू अबैध मिट्टी खनन माफियाओ के सामने प्रशासन घुटने टेकता है या सशक्त प्रशासन के सामने खनन माफिया।

# चित्रकूट में ट्रक-बस में भिड़ंत,छह मरे

चित्रकूट । उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के रापुरा क्षेत्र में शुक्रवार भोर बोलेरो कार और ट्रक की आमने-सामने हुई टक्कर में छह लोगों की मृत्यु हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज सुबह करीब 5.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर एक तेज रफ्तार बोलेरो की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गयी। इस हादसे में बोलेरो सवार नन्हे (65),हरिराम (45),मोहन (45),रामू (45),मांगना (65) और रामस्वरूप यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होने बताया कि घटना में घायल जमुना (42), फुला (40), राज अहिरवार (18), आकाश (15) और एक अज्ञात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा व पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह ने जिला अस्पताल में घायलों को हाल जाना। मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी और पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने भी अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों का हाल-चाल लिया।

# महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया,सच्ची श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर बाबा साहब को नमन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर ।शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव हज़रतपुर मामऊं में भारतीय संविधान शिल्पी, विश्वरत्न, भारत रत्न से सम्मानित, विश्व में ज्ञान के प्रतीक (SIMBLE OF KNOWLEDGE ), निर्धन, शोषित, पीड़ित, वंचित लोगों की राजनीति के सूत्रधार, महिलाओं के मुक्तिदाता, महान समाज सुधारक, आधुनिक भारत के निर्माता, एक समान न्याय के प्रतीक, ऊंच-नीच की खाई को पाटने वाले, स्वतंत्रता, समानता न्याय व बंधुत्व के प्रहरी, सभी भारतीयों को सम्मान का जीवन जीने की प्रेरणा देने वाले, राष्ट्र के मसीहा, महामानव बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कोटि-कोटि नमन करते हुए एक सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शाम को भीम अनुयाई उपस्थित होकर बाबा साहब की प्रतिमाओ पर पुष्प अर्पित कर कैंडल मार्च निकाला गया। वही हजरतपुर पूर्व ग्राम प्रधान नरेश गौतम ने कहा है कि बाबा साहब के महा परिनिर्वाण दिवस के मनाने तक क्या कोई व्यक्ति राष्ट्र, राष्ट्रीयता, मानवता व नैतिकता के प्रति समर्पित होकर कर्मयोगी रहकर उनका अनुसरण करते हुए कितने लोग आज भारत देश में परिनिर्वाण को प्राप्त करके जाना चाहते हैं अथवा गए हैं ? यदि नहीं तो क्यों ? ऐसा प्रतीत होता है कि हम बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर को सही अर्थों में नहीं समझने के कारण उनके अनुरूप न जीवन जी सके न परिनिर्वाण प्राप्त करने की इच्छा रख सके और नहीं परिनिर्वाण को प्राप्त हो सके। श्रीपाल सिंह बौद्ध ने कहा है कि बाबा साहब के कार्यों को तो अधिकतर लोगों ने पढ़ा है अथवा स्मरण किया है किंतु उनका देशकाल अथवा परिस्थितियों के अनुसार अनुसरण नहीं किया है। यहां पर अधिकतर अंबेडकरवादी व्यक्ति अपने समकालीन एवं संकीर्ण व्यक्तिगत हितों के लिए जीवन जीता रहा है तथा दूसरे लोगों से उनका अनुसरण करके उनके अनुरूप कार्य करने की अपेक्षा करता है। इंद्रपाल सिंह बौद्ध ने बताया है कि 26 नवंबर 1949 को बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में अंतिम वक्तव्य दिया था और उन्होंने कहा था कि हम अपने राष्ट्र को सबसे ऊपर मानेंगे या स्वयं को व धर्म को आज उनका अंतिम वक्तव्य सच साबित होता हुआ प्रतीत होता है कि लोगों ने अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए स्वयं तथा धर्म को सबसे ऊपर रखा है तथा राष्ट्र को सबसे निचले स्तर पर मान रखा है जिसके




कारण देश में अनेक समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। बबलू कुमार सिंह ने कहा कि बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने 26 नंबर 1949 को संविधान सभा की मीटिंग में अंतिम वक्तव्य के समय जो आशंका व्यक्त की थी आज वह सच साबित होती हुई नजर आ रही है। आज चिंता का नहीं बहुत ही गहन चिंतन का विषय है कि इन परिस्थितियों से कैसे उबरा जाए ? इस पर हम सभी को मिलकर संजीदगी से खड़े होकर समझने व आगे बढ़ने की आवश्यकता महसूस हो रही है। रोबिन सिंह ने बताया है कि बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर राष्ट्र के मसीहा, राष्ट्र , राष्ट्रीयता, मानवता व नैतिकता को सर्वोपरि मानकर समता, स्वतंत्रता बंधुता और न्याय के सिद्धांत को दृष्टिगत रखकर दूरदृष्टि, दीर्घकालिक एवं विस्तृत हितों को आजीवन समर्पित व संकल्पित होकर कार्यरत रहे। पूरन सिंह ने कहा है कि हम मात्र राजनैतिक आजादी की तरफ कुछ बढे हैं । अभी तो सामाजिक एवं आर्थिक आजादी बाकी है यह दिन बाबासाहेब से प्रेरणा लेकर उपरोक्त को शीघ्र प्राप्त करने के लिए संकल्पित होकर विश्लेषण करके आगे बढ़ने व काम करने की वचनबद्धता का दिन है बिजेंद्र सिंह ने बताया है कि हम सभी को स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा,अवसर की समता, व्यक्ति की गरिमा, राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता पैदा करके इस राष्ट्र को बुलंदियों व अधिकार विहीन लोगों को उनके अधिकार दिलाने के लिए बाबासाहेब के नैतिक मूल्यों, त्याग, समर्पण एवं आदर्श से प्रेरणा लेकर काम करने का दिन है। संकल्पित व समर्पित एवं संगठित होकर संविधान की उद्देशिका में किए गए वादे को पूरा करने के लिए संघर्ष सुनिश्चित करें। आज देश सक्षम नेतृत्वहीन, दिशाहीन, मार्गदर्शन विहीन परिस्थिति से गुजर रहा है। अधिकतर लोग अपना जीवन तो व्यक्तिगत, संकीर्ण एवं पारिवारिक हितों के लिए लगाते हैं तथा दूसरों को उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करते हैं जबकि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने स्वयं समर्पित होकर कार्य किया। हमको राष्ट्र निर्माण हेतु स्वयं कार्य करना चाहिए या दूसरों से अपेक्षा। जो स्वयं के लिए जीते हैं वे स्वयं ही जन्मदिन मनाते हैं और मरने के बाद समाप्त हो जाते हैं। जो राष्ट्र, राष्ट्रीयता, मानवता व नैतिकता को अंतिम समय तक कार्य करते हैं उनका परिनिर्वाण अन्य लोग मनाते हैं। आप स्वयं चिंतन करें कि हम क्या कर रहे हैं ? और हमको क्या करना चाहिए ? बाबा साहब के महा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर राष्ट्र वादियों से अपेक्षा करते हैं कि निस्वार्थ भाव से समर्पित होकर राष्ट्र, राष्ट्रीयता, मानवता व नैतिकता के अनुरूप कार्य करने की प्रेरणा एवं संकल्प लेकर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के सच्चे अनुयाई बनेंगे। इसी आशा और विश्वास के साथ। आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया है। इस अवसर तमाम भीम अनुयाई उपस्थित रहे।